**नोट:** परीक्षा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी 'एक्वेंट युवरसेल्फ' पुस्तिका में दी जाएगी, जो पात्र उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए बुलावा-पत्र के साथ उपलब्ध कराई जाएगी.

**निर्दिष्ट चुनी गयी स्थानीय भाषा की परीक्षा:**

जो उम्मीदवार चयन के लिए पात्र होते हैं और 10वीं या 12वीं की अंक तालिका/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हैं, जिसमें स्पष्ट रूप से चयनित स्थानीय भाषा के अध्ययन का प्रमाण उपलब्ध हो, उन्हें भाषा की कोई परीक्षा नहीं देनी होगी. अन्य के मामले में (चयन के लिए पात्रता प्राप्त), अस्थायी चयन के बाद निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जो बैंक की सेवा में आने से पहले होगी निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा में प्रवीण नहीं पाए जाने वाले उम्मीदवार को अयोग्य माना जाएगा.

**अनंतिम चयन** (निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा की पात्रता के अध्यधीन).

प्रारंभिक परीक्षा (चरण-I) में प्राप्त अंकों को चयन के लिए नहीं जोड़ा जाएगा और मुख्य परीक्षा (चरण-II) में प्राप्त कुल अंक केवल अंतिम मेरिट सूची तैयार करने के लिए माना जाएगा. अस्थायी चयन परीक्षा में उम्मीदवार के प्रदर्शन (मुख्य परीक्षा) के आधार पर किया जाएगा.

**अंतिम चयन** निम्नलिखित के अधीन होगा:-

1) पद के लिए पात्रता और ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत की गई सूचना का सत्यापन.

2) निर्दिष्ट चयन स्थानीय भाषा की परीक्षा में पात्रता, जहाँ लागू हो, जैसा ऊपर वर्णित है.

उम्मीदवारों के परिणाम जो चयन के लिए अस्थायी रूप से पात्र हैं बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराएं जाएंगे.

**प्रतीक्षा सूची:** रिक्त-पदों के 50% तक एक प्रतीक्षा सूची (राज्य वार/श्रेणी वार) बनाकर रखी जाएगी. केवल इस बैच के किसी चयनित उम्मीदवार के कार्य-ग्रहण न करने और त्यागपत्र देने पर इस प्रतीक्षा सूची से तिमाही आधार पर प्रतीक्षा सूची में रखे गए उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे परंतु यह नियुक्ति-पत्र केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जारी किए जाएंगे जिन्होंने चयन के लिए बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम पात्रता अंक प्राप्त किए हैं. यह प्रतीक्षा सूची अंतिम परिणाम घोषित करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेगी.

**5. वेतन मान :** ₹17900-1000/3-20900-1230/3-24590-1490/4-30550-1730/7-42600-3270 / 1-45930-1990/1-47920.

प्रारंभिक मूल वेतनमान ₹19900.00 होगा (₹17900.00 तथा दो अग्रीम वेतन वृद्धि के साथ जो स्नातकों के लिए देय है.)

**6. प्रोबेशन अवधि:** चुने गए उम्मीदवारों पर कार्यग्रहण के समय लागू बैंक के सेवा नियमों की निबंधन एवं शर्तें लागू होंगी.

**7. परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण:** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अ.जा./अ.ज.जा./एक्सएस/धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित केंद्रों पर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा सकती है. कोविड-19 महामारी से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए, बैंक, व्यवहार्यता के आधार पर, भौतिक कक्षाओं के माध्यम से या ऑनलाइन साधनों के माध्यम से पीईटी आयोजित कर सकता है.

**8. आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार: (वापस न करने योग्य):**

| क्र. | श्रेणी | शुल्क/सूचना प्रभार |
|---|---|---|
| 1. | अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी/एक्सएस/डीएक्सएस | शून्य |
| 2. | सामान्य/अपिव/ईडब्ल्यूएस | ₹750/- |

**शुल्क/सूचना प्रभार भुगतान करने पर न तो उसे वापस किया जाएगा** और न ही उस राशि को अन्य किसी परीक्षा या अन्य चयन के लिए रोककर रखा जाएगा.

**पूर्ण विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://sbi.co.in/careers पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें.**

**प्रिंटिंग में त्रुटि के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं है.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 27.04.2021

**महाप्रबंधक**
**(सीआरपीडी)**

रो.स. 6/28

# वित्त मंत्रालय
## वित्तीय सेवा विभाग

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में प्रतिनियुक्ति आधार पर पे मैट्रिक्स के लेवल 11 (67700-208700 रुपए) में ऋण वसूली अधिकरण (डीआरटी) में 31.12.2021 तक मौजूदा, संभावित एवं अपरिहार्य **रिकवरी ऑफिसर** के रिक्त पदों के लिए पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित हैं.

ध्यान रखें कि आवश्यक कागजात सहित समुचित माध्यम से इस विभाग में विधिवत भरे गए आवेदनों की प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि 30.06.2021 है. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट : **https://financialservices. gov.in/vacancy** देखें.

(ए. के. डोगरा),
निदेशक (डीआरटी)
नई दिल्ली

दिनांक : 27 अप्रैल, 2021

रो.स. 6/30

---

# बामर लॉरी एण्ड कं. लिमिटेड
## (भारत सरकार का एक उद्यम)
### (मिनीरत्न – I पीएसई)

बीएल SINCE 1867

पंजीकृत कार्यालय: 21, एन एस रोड, कोलकाता-700 001
सीआईएन: L15492WB1924GOI004835, वेबसाइट: www.balmerlawrie.com
फोन नं. एवं ई-मेल के लिये वेब विज्ञापन देखें

बामर लॉरी निम्नलिखित पदों के लिए पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करती है:

| क्रम सं. | एसबीयू / प्रकार्य | पद | ग्रेड (वेतनमान)*** ₹ | पदों की संख्या** | न्यूनतम योग्यता (केवल एआईसीटीई / यूजीसी / भारत सरकार / राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित संस्थान / विश्वविद्यालय) | अधिकतम आयु (वर्ष)* | न्यूनतम संबन्धित अनुभव (वर्ष)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तापमान नियंत्रित गोदाम [ टीसीडब्ल्यू ] | प्रधान (परिचालन) | ई4 (70000-200000) | 1 (एक) | इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित डिग्री या मैनेजमेंट में 2 वर्षों की पूर्णकालिक नियमित पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री / डिप्लोमा / एमबीए | 40 वर्ष | 11 वर्ष |
| 2. | | प्रधान (विपणन) | ई4 (70000-200000) | 1 (एक) | इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित डिग्री या मैनेजमेंट में 2 वर्षों की पूर्णकालिक नियमित पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री / डिप्लोमा / एमबीए | 40 वर्ष | 11 वर्ष |
| 3. | | सहायक प्रबंधक (विपणन) | ई1 (40000-140000) | 1 (एक) | इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित डिग्री एवं / या मैनेजमेंट में 2 वर्षों की पूर्णकालिक नियमित पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री / डिप्लोमा / एमबीए | 27 वर्ष | 1 वर्ष |
| 4. | ट्रेवल एंड वेकेशन्स | उप प्रबंधक (आईटी) | ई2 (50000-160000) | 1 (एक) | इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित डिग्री या एमसीए | 32 वर्ष | 5 वर्ष |
| 5. | | सहायक प्रबंधक (आईटी) | ई1 (40000-140000) | 1 (एक) | इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित डिग्री या एमसीए | 27 वर्ष | 1 वर्ष |
| 6. | इंडस्ट्रियल पैकेजिंग | सहायक प्रबंधक (विनिर्माण) | ई1 (40000-140000) | 1 (एक) | मैकेनिकल में विशषज्ञता के साथ इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित डिग्री | 27 वर्ष | 1 वर्ष |
| 7. | कॉर्पोरेट आईटी | मुख्य प्रबंधक (आईटी) | ई5 (80000-220000) | 1 (एक) | कंप्यूटर साइंस / इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी / इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन / मैकेनिकल में विशेषज्ञता के साथ बीई या बी.टेक में पूर्णकालिक नियमित डिग्री / एमसीए | 42 वर्ष | 13 वर्ष |
| 8. | कॉर्पोरेट एचआर | सहायक प्रबंधक (एचआर) | ई1 (40000-140000) | 1 (एक) | एचआर में विशेषज्ञता के साथ 2 वर्षों की पूर्णकालिक नियमित डिग्री / डिप्लोमा / एमबीए एवं / या एमएसडब्ल्यू | 27 वर्ष | 1 वर्ष |
| 9. | क्षेत्रीय एचआर - पूर्व | सहायक प्रबंधक (एचआर) | ई1 (40000-140000) | 1 (एक) | एचआर में विशेषज्ञता के साथ एमबीए में 2 वर्षों की पूर्णकालिक नियमित डिग्री / एमएसडब्ल्यू | 27 वर्ष | 1 वर्ष |

*अर्हता उपरातं न्यूनतम संबन्धित अनुभव और अधिकतम आयु के लिए निर्दिष्ट तिथि 21.05.2021 है। सभी उम्मीदवार, जो निर्दिष्ट तिथि को योग्य हैं, वर्तमान में विज्ञापित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान, यदि साक्षातकारों का आयोजन किया गया तो उनसे पैनल का गठन किया जा सकता है, जो कंपनी के भर्ती नियमों के अनुसार, भविष्य में उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को भरने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

**यह संकेत मात्र है। भर्ती प्रक्रिया से ड्रॉप–आउट या भविष्य की रिक्तियों को भरने के लिए पैनल का गठन किया जा सकता है।

***कंपनी कम कार्य के अनुभव वाले आवेदकों के लिए उपयुक्त निचले ग्रेड में पदों को संचालित करने का विकल्प चुन सकती है, विस्तृत जानकारी के लिए वेब विज्ञापन देखें।

मानक विकलांगता वाले व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) सभी पदों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

टिप्पणी : अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति के लिए 5 वर्ष एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रिमी लेयर) के लिए 3 वर्षों तक अधिकतम आयु की छूट है। विकलांग व्यक्तियों के लिए आयु में 10 वर्षों तक छूट है (अ.जा / अ.ज.जा. के लिए 15 वर्ष एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रिमी लेयर) के लिए 13 वर्ष)। इमर्जेंसी कमीशन्ड ऑफिसर या शॉर्ट सर्विस कमीशन्ड ऑफिसर समेत पूर्व सैनिक एवं कमीशन्ड ऑफिसर के लिए, अधिकतम उम्र में छूट 3 वर्ष तक बढ़ाई गई सैन्य सेवा की सीमा तक है।

अ.जा. / अ.ज.जा., अ.पि.व. (नॉन–क्रिमी लेयर), पीडब्ल्यूबीडी एवं आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणीय के लिए भारत सरकार के नियमों के अनुसार आरक्षण किया जाएगा।

अधिक जानकारी एवं आवेदन करने हेतु
***http://www.balmerlawrie.com/pages/currentopening*** पर लॉग इन करके Careers पेज पर जाएं।
*ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि:* **21 मई, 2021 है**

रो.स. 6/15

---

ಸಿಎಸ್‌ಐಆರ್ - ಕೇಂದ್ರೀಯ ಆಹಾರ ತಂತ್ರಜ್ಞಾನ ಸಂಶೋಧನಾಲಯ, ಮೈಸೂರು - 570 020, ಭಾರತ
सीएसआईआर - केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिक अनुसंधान संस्थान, मैसूरु - 570 020, भारत
**CSIR-CENTRAL FOOD TECHNOLOGICAL RESEARCH INSTITUTE**
(Council of Scientific & Industrial Research, Govt. of India, New Delhi)
MYSURU - 570 020, INDIA

cftri — Giving Food a Future —

# सुरक्षा अधिकारी की भर्ती
(विज्ञापन संख्या REC 01/2021)

सीएसआईआर-सीएफटीआरआई में सुरक्षा अधिकारी (पे मैट्रिक्स के लेवल-7) के **एक पद** की भर्ती हेतु सभी भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विज्ञापन के लिए इच्छुक अभ्यर्थी सीएफटीआरआई की वेबसाइट ***https://www.cftri.res.in*** के अंतर्गत रिक्रूटमेंट में देखें। समय-समय पर इस प्रक्रिया से संबंधित विवरण / अपडेट / शुद्धिपत्र / परिशिष्ट आदि सीएफटीआरआई की वेबसाइट पर प्रकाशित / उपलब्ध कराई जाएगी।

**आवेदन की प्रक्रिया दिनांक से: 03.05.2021, प्रातः 10 बजे से आरंभ होगी**
**अंतिम तिथि : 03.06.2021, शाम 5.00 बजे तक है।**

रो.स. 6/27 **प्रशासन नियंत्रक**

---

# राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान
## औरंगाबाद

रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT

Ministry of Electronics and Information Technology Government of India

सीईडीटीआई कॉम्प्लेक्स, डॉ. बी.ए.एम. यूनिवर्सिटी कैम्पस, औरंगाबाद, महाराष्ट्र–431004
फोन : 0240 2982021, 2982022

### आईईसीटी के क्षेत्र में युवाओं का कौशल विकास

रा.इ.सू.प्रौ.सं. औरंगाबाद रोजगार योग्यता उन्नयन हेतु आईईसीटी के क्षेत्र में युवाओं के कौशल विकास के लिए निम्नलिखित अल्पावधि ऑनलाइन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है:-

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम का नाम | पात्रता | अवधि | फीस, जीएसटी सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वेब डिज़ाइनिंग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम | एनएसक्यूएफ के अनुरूप | 80 घण्टे | 4000/- |
| 2 | बिग डेटा एनॉलिटिक्स में उन्नत डिप्लोमा | एनएसक्यूएफ के अनुरूप | 480 घण्टे | 15000/- |
| 3 | प्रमाणित एंड्रॉयड एप्स्स डेवलपर | एनएसक्यूएफ के अनुरूप | 100 घण्टे | 5000/- |
| 4 | पीसीबी डिज़ाइन और मैन्युफैक्चरिंग में ऑनलाइन अल्पावधि पाठ्यक्रम | इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल/इंस्ट्रूमेंटेशन/ विज्ञान स्ट्रीम में डिप्लोमा और ऊपर | 30 घण्टे | 2000/- |
| 5 | वीएलएसआई डिज़ाइन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम | एनएसक्यूएफ के अनुरूप | 80 घण्टे | 5000/- |
| 6 | घरों के लिए सौर प्रणाली की डिज़ाइनिंग पर अल्पावधि पाठ्यक्रम | 10वीं/12वीं/डिप्लोमा/आईटीआई/ बी.एससी/एम.एससी/बी.ई/बी.टेक किसी भी स्ट्रीम में | 40 घण्टे | 3000/- |

**अजा/अजजा अभ्यर्थियों के लिए क्रम सं. 1,2,3 और 5 पाठ्यक्रम निःशुल्क है.**

अधिक विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें : **http://www.nielit.gov.in/aurangabad/**

रो.स. 6/29

---

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
(एक मिनीरत्न कंपनी)

**अस्थायी अनुबंध आधार पर डॉक्टरों के नियोजन हेतु अधिसूचना**

**अधिसूचना सं. : डब्ल्यूसीएल/2021/ईई/1418**

वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल)-एक शेड्यूल 'बी', 'मिनीरत्न', कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम कोल इंडिया लिमिटेड, एक शेड्यूल 'ए', 'महारत्न' का एक सहायक वे.को.लि. में अस्थायी अनुबंध आधार पर **जीडीएमओ/ चिकित्सा विशेषज्ञों** के 33 पदों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है. पात्रता शर्तों, पदों की सं., आयु, आवेदन-प्रक्रिया आदि के संदर्भ में विस्तृत जानकारी हेतु रिक्रूटमेंट टैब के अंतर्गत **www.westerncoal.in** पर विस्तृत अधिसूचना देखें.

**महत्वपूर्ण तिथियां:**

**i. आवेदन जमा करना शुरू करने की तिथि : 01.05.2021**

**ii. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 15.05.2021**

इस अधिसूचना से संबंधित कोई भी संशोधन/ रूपांतरण केवल वे.को.लि. की वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे. क़ानूनी अधिकार-क्षेत्र केवल नागपुर में होंगे. किसी भी प्रकार के पूछताछ के लिए सभी कार्यदिवसों को **सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक 0712-2512352** या **hrrecruitment.wcl@coalindia.in** पर संपर्क करें.

रो.स. 6/24 **महाप्रबंधक (कार्मिक)/ईई.**

भारत सरकार

## इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (भा.वि.प.प्रा.)
चतुर्थ तल, बंगला साहिब मार्ग, काली मंदिर के पीछे
गोल मार्किट, नई दिल्ली-110001

**भा.वि.प.प्रा. के प्रौद्योगिकी केंद्र, बेंगलुरु में सहायक महानिदेशक प्रौद्योगिकी के पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरना.**

भा.वि.प.प्रा. अपने प्रौद्योगिकी केंद्र, बेंगलुरु में पे मैट्रिक्स के लेवल-13 (पूर्व-संशोधित पे बैंड रु. 123100-215900/-) मे प्रतिनियुक्ति (विदेश सेवा नियमों सहित) आधार पर **सहायक महानिदेशक (प्रौद्योगिकी)** के 14 प्रत्याशित पदों (परिवर्तन की संभावना) के लिए आवेदन आमंत्रित करते हुए दिनांक 09.02.2021 (**https://uidai.gov.in/images/career/ADG_Technology_Tech_Centre_Bengaluru_02_2021.pdf**) और 24.06.2020 के रिक्ति परिपत्र में आवेदन आमंत्रित किया है.

इस संदर्भ में यह एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उचित माध्यम से आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **28.05.2021 तक बढ़ाई गयी है.** दिनांक 09.02.2021 के परिपत्र के संदर्भ में उचित माध्यम से आवेदन करने वाले उम्मीदवार पुनः आवेदन नहीं करें. तथापि, नये आवेदक और आवेदन की केवल अग्रिम प्रति जमा करने वाले आवेदक सभी तरीके से पूर्ण आवेदन उचित माध्यम से बढ़ाई गयी तिथि के भीतर जमा कर सकते हैं. चूंकि, इस रिक्ति को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरा जाना है, इसलिए स्वतंत्र उम्मीदवार पात्र नहीं होंगे.

**सहायक महानिदेशक (एचआर)**

**अब, आधार नामांकन एवं अद्यतनीकरण की सुविधा आधार सेवा केंद्र (आ.से.कें.) पर भी उपलब्ध होगी. अपने निकट के केंद्र का पता लगाने के लिए UIDAI.GOV.IN देखें या 1947 पर कॉल करें.**

डीएवीपी 54103/11/0001/2122 रो.स. 6/22

## हिमाचल प्रदेश सरकार

(एमपीपी और ऊर्जा विभाग)

विज्ञापन सं.: 23.04.2021 (अंतिम तिथि: 22.05.2021)

**निदेशक (सिविल), एचपीपीसीएल के पद हेतु विज्ञापन**

एमपीपी और ऊर्जा विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश ऊर्जा निगम लिमिटेड, शिमला में वेतनमान/वेतन बैंड रुपये 37400-67000 + जीपी रुपये 10,000/- (रुपये 54700/- का आरंभिक वेतन) प्रति माह में **निदेशक (सिविल)** के एक पद की नियुक्ति के लिए इच्छुक और पात्र भारतीय नागरिकों से **22.05.2021** से पहले आवेदन आमंत्रित करता है. इस पद की नियुक्ति की अवधि पांच वर्ष या 60 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, है. अन्य पात्रता शर्तें, नियुक्ति के नियम व शर्तें, आयु, कार्य और जिम्मेदारियां और आवेदन प्रारूप आदि के संबंध में आवेदक एचपीपीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात् **www.hppcl.in** से इसे डाउनलोड करें. आवेदन पत्र पर विधिवत लिखे पद के साथ निम्नलिखित पते पर भेजें जाएं:

**प्रबंधकीय निदेशक**
**हिमाचल प्रदेश ऊर्जा निगम लिमिटेड, हिमफेड बिल्डिंग, बीसीएस**
**न्यू शिमला, शिमला-171009 (हिमाचल प्रदेश)** रो.स. 6/4

## भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय

9, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110124

**संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (सीजीएलई)-2018 के जरिए सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, संभागीय लेखाकार और लेखा परीक्षक के पद के लिए चयनित अभ्यर्थियों के लिए सूचना.**

''एतद्वारा यह सूचित किया जाता है कि संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा-2018 के जरिए भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के अधीन) में **सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, संभागीय लेखाकार और लेखा परीक्षक** के पद पर नियुक्ति के लिए नामांकित अभ्यर्थियों को राज्यों/कार्यालयों का आवंटन अभ्यर्थियों की मैरिट-सह-राज्य प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाएगा. इस संबंध में विस्तृत सूचना भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की वेबसाइट (**www.cag.gov.in**) पर उपलब्ध है. चयनित अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट पर पधारें और अपने व्यक्तिगत विवरण, राज्य प्राथमिकता और सत्यापन फार्म भरने के लिए यूआरएल (**http://cag.delhi.nic.in/statechoice**) का प्रयोग करें. **यूआरएल 26 अप्रैल, 2021 से खुलेगा और ऑनलाइन विवरण प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17 मई, 2021 है.**

डीएवीपी 51101/11/0003/2122 रो.स. 6/11

## मिलिटरी इंजीनियर सर्विसेज

मुख्यालय चीफ इंजीनियर
पुणे ज़ोन, दक्षिण कमान मार्ग, पुणे-411001

**संशोधित विज्ञापन (इससे पहले 27 फरवरी, 2021 को प्रकाशित)**

1. रक्षा मंत्रालय के अधीन एमईएस विभाग में **ड्राफ्ट्समैन, (डी' मैन)** और **सुपरवाइजर बैरक और स्टोर (सुप. बी/एस)** के पद के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित हैं. चुने हुए उम्मीदवारों की नियुक्ति अखिल भारतीय स्तर पर कहीं भी की जा सकती है.

2. डी' मैन और सुप. बी/एस के रिक्त पदों की कुल संख्या का ब्यौरा नीचे दिया गया है.

| क्र. स. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | डी' मैन | 114 | विस्तृत विज्ञापन के अनुसार |
| 2 | सुप. बी/एस | 458 | विस्तृत विज्ञापन के अनुसार |

**3. ऑनलाइन आवेदन जमा कराने की अंतिम तारीख 17 मई, 2021 (समय 2359 बजे) तक बढ़ा दी गई है.**

4. आरक्षण के अनुसार रिक्तियों का वर्गीकरण और अन्य ब्यौरा एमईएस वेबसाइट **www.mes.gov.in** पर उपलब्ध है. विस्तृत विज्ञापन **27 मार्च, 2021** को रोज़गार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है. रो.स. 6/31

## भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय
## Indian Maritime University

(बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक केंद्रीय विश्वविद्यालय)
2008 में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित

विज्ञा. सं. आईएमयू-एचक्यू/आर/13/15/5/2021-स्था.(आर)

**कैम्पस निदेशकों की भर्ती हेतु विज्ञापन**
**(सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति पर)**

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय मुंबई और नवी मुंबई में स्थित **कैम्पस निदेशक** के पद के लिए उपयुक्त व्यक्तियों की भर्ती करने का इच्छुक है. कैम्पस निदेशक कैम्पस का शैक्षणिक-सह-प्रशासनिक प्रमुख होता है. रोज़मर्रा के प्रशासन और कैम्पस के संपूर्ण प्रबंधन के अलावा, कैम्पस निदेशक से निम्नलिखित अपेक्षा की जाती है:

- मैरीटाईम इंडिया विज़न 2030 और यूनिवर्सिटी विज़न तथा एनईपी 2020 के अनुरूप कैम्पस के दीर्घावधि विकास के लिए नेतृत्व प्रदान करना.
- छात्रों, संकाय और स्टाफ के लिए अनुकूल शिक्षण वातावरण का निर्माण करने में योगदान करना.
- कैम्पस/यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक, परामर्शी और अनुसंधान गतिविधियों को सुदृढ़ करना.
- विश्वविद्यालय की अकादमिक स्टैंडिंग बढ़ाने के लिए समुद्री क्षेत्र में एल्युमनी और स्टेकहोल्डर्स के साथ गठबंधन और साझेदारी का निर्माण और पोषण करना.

इच्छुक भारतीय नागरिक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं जिसे **www.imu.edu.in** पर उपलब्ध लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है.

| क्रम सं. | पद का नाम | श्रेणी | पदों की कुल संख्या | वेतन लेवल और तैनाती का संभावित स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कैम्पस निदेशक | अना | 2 | 7वें कें वे आ का लेवल-14 (अकादमिक) जमा प्रतिमाह रु. 6750/- का विशेष भत्ता आईएमयू-नवी मुंबई और मुंबई पोर्ट कैम्पस |

यद्यपि आरंभिक नियुक्ति एक कैम्पस विशेष के लिए होगी, कैम्पस निदेशक को किसी अन्य कैम्पस तथा आईएमयू मुख्यालय में किसी समकक्ष पद के लिए स्थानांतरित किया जा सकता है. सीधी भर्ती के लिए, सेवानिवृत्ति की आयु **65 वर्ष** होगी.

**सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के लिए आयु सीमा: 62 वर्ष से अधिक नहीं (बंद होने की तिथि को अर्थात रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 45 दिन).**

**विस्तृत पात्रता मानदंड जैसे कि आयु, शैक्षणिक अर्हताएं, अनुभव, आवेदन के तरीके/पद्धति/फार्मेट आदि के लिए कृपया www.imu.edu.in पर पधारें.**

ऊपर वर्णित रिक्तियां अनंतिम हैं और परिवर्तन के विषयाधीन हैं. आईएमयू के पास विज्ञापित पदों में से किसी को भी नहीं भरने (अथवा) किसी भी चरण में भर्ती निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे विधिवत भरा हुआ आवेदन-पत्र **''रजिस्ट्रार (प्रभारी), भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय, मुख्यालय, पूर्वी तट रोड, सीमेनचेरी, शोलिंगानल्लूर (डाक घर), चेन्नै 600119''** को प्रस्तुत करें जो कि रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तिथि से **45 दिनों के भीतर पहुंच जाने चाहिएं.** **रजिस्ट्रार (प्रभारी)**

डीएवीपी 37208/11/0001/2122 रो.स. 6/12

## अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर
## All India Institute of Medical Sciences, Gorakhpur

**(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत्त निकाय)**
**(An autonomous organization under the Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India)**

संदर्भ सं.: एम्स/गोरखपुर/भर्ती/2021

**भर्ती अधिसूचना**

एम्स गोरखपुर के विभिन्न विभागों में सीधी भर्ती आधार पर संकाय के पद (समूह ''क'') की भर्ती हेतु विज्ञापन.

निम्नलिखित संकाय पदों के लिए सीधी भर्ती आधार पर भारतीय नागरिकों/समुद्रपारीय नागरिकता अधिनियम, 1956 के अधीन पंजीकृत व्यक्तियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. विभिन्न श्रेणियों के तहत संकाय पदों की संख्या नीचे दिए गए विवरणानुसार है:-

| क्रम सं. | पद का नाम | 7वें कें.वे.आ. के अनुसार लेवल | संभावित रिक्तियों की कुल संख्या | श्रेणी-वार पद की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना | अपिव | अजा | अजजा | ईडब्ल्यूएस |
| 1. | प्रोफेसर | 14-ए | 30 | 12 | 08 | 05 | 02 | 03 |
| 2. | अतिरिक्त प्रोफेसर | 13-ए2+ | 22 | 09 | 06 | 04 | 01 | 02 |
| 3. | एसोसिएट प्रोफेसर | 13-ए1+ | 29 | 09 | 09 | 06 | 02 | 03 |
| 4. | सहायक प्रोफेसर | 12 | 46 | 07 | 16 | 09 | 06 | 08 |
| | कुल | | 127 | 37 | 39 | 24 | 11 | 16 |

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि:-एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन की तिथि से 30 दिन.**

उपर्युक्त रिक्तियां अनंतिम हैं और परिवर्तन के विषयाधीन हैं. कार्यपालक निदेशक, एम्स, गोरखपुर के पास भारत सरकार के नियमों/परिपत्रों और आवश्यकताओं के अनुरूप आरक्षित रिक्तियों सहित इन रिक्तियों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है. **आवेदन प्रपत्र साथ में विभाग वार सीटों का विवरण, आरक्षण, विभिन्न पदों की निबंधन एवं शर्तें संस्थान की वेबसाइट: www.aiimsgorakhpur.edu.in. पर अपलोड की जाएंगी.**

सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आगे किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए एम्स, गोरखपुर की वेबसाइट: **www.aiimsgorakhpur.edu.in** नियमित रूप से देखें.

**कार्यपालक निदेशक**
**एम्स, गोरखपुर**

रो.स. 6/19

## भारतीय प्रबंधन संस्थान अमृतसर

IIM AMRITSAR

**पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बिल्डिंग, सरकारी पॉलिटेक्निक परिसर के अंदर**
**पॉलिटेक्निक रोड, पी.ओ. छेहरटा, जी.टी. रोड, अमृतसर (पंजाब) -143105**

### गैर-शिक्षण पद

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) अमृतसर निम्नलिखित पदों के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्रमांक | पद | पद की संख्या | वर्गीकरण | योग्यता | वेतन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मानव संसाधन पर्यवेक्षक और समन्वयक (निदेशक कार्यालय) | 1 (यूआर) | नियमित या अनुबंध | वित्त या मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ कम से कम 60% कुल अंकों के साथ एमबीए. | 7वें सीपीसी के अनुसार वेतन स्तर-8 (मूल, एचआरए, डीए, टीए और टीए पर डीए) और समय-समय पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित अन्य पात्र लाभ. |

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 मई 2021 है.** अन्य जानकारी और अद्यतन जानकारी और ऑनलाइन आवेदन जमा करने से संबंधित जानकारी के लिए कृपया **www.iimamritsar.ac.in** पर जाएं. रो.स. 6/3

(जयंती पर विशेष)

# टैगोर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व

पंकज चौबे

आज भारत में, भविष्य के लिए जो कुछ अच्छा काम हो सकता है, इसके निर्माण में जिन कुछ एक महान व्यक्तियों का नाम आता है, टैगोर का नाम पहला है. आधुनिक विश्व में जिनके व्यक्तित्व में कवि उपन्यासकार, चित्रकार, संगीतकार, दार्शनिक शिक्षा शास्त्री, स्वतंत्रता सेनानी, संस्था निर्माता जैसे अनगिनत अनुशासन और विधाओं की प्रतिभा एक साथ प्रस्फुटित हुई थी. यही वजह है कि आधुनिक भारत के निर्माण में उनका प्रत्यक्ष एवं परोक्ष योगदान निहित है.

टैगोर की रचना का प्रभाव भारतीय साहित्य पर व्यापक रूप से पड़ा. हिंदी साहित्य में छायावाद एक काव्य युग है जो कविता लेखन के लिहाज से साहित्य में सबसे महत्वपूर्ण है. छायावाद पर टैगोर का प्रभाव पड़ा. जिन कवियों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा वे थे निराला और जयशंकर प्रसाद. छायावाद के बाद हिंदी कविता में बदलाव आया, उसी तरह बांग्ला में भी परिवर्तन हुआ. हिंदी के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं पर भी टैगोर की कविता और उनके रचना कर्म का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है. टैगोर की रचनाओं में जो व्यापकता है, उसका प्रभाव अन्य भारतीय साहित्य पर भी पड़ा. गीतांजलि को पुरस्कार मिलने से पहले उसके 10 संस्करण आ चुके थे. नोबेल पुरस्कार मिलने के बाद इस पुस्तक का ना सिर्फ भारतीय भाषाओं में अनुवाद हुआ बल्कि कई विदेशी भाषाओं में भी अनुवाद किया गया. टैगोर एशिया के प्रथम कवि थे जिन को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ. टैगोर ने कविता और गद्य दोनों में ही बोलचाल की भाषा का प्रयोग किया और भाषा को क्लासिक संस्कृति के प्रभाव से मुक्त किया. शब्दों की महत्ता को उनसे बेहतर कौन समझ सकता था. नेहरू इतने प्रभावित थे कि उन्होंने अपनी डायरी में लिखा- 'मैं विश्व के अनेक स्थानों में प्रसिद्ध व्यक्तियों से मिला हूं. तो मेरे मन में इसको लेकर कोई संदेह नहीं है कि विश्व के दो व्यक्तियों से मिलने का जो सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ था वे गांधी और टैगोर थे.' उन्होंने लिखा है- 'परंतु जो आश्चर्यजनक बात है कि प्रज्ञा-विजडम, विचार तथा संस्कृति एक ही स्रोत से प्रेरणा ग्रहण करने वाले इन दोनों में इतना साम्य होने के बावजूद इतना अधिक अंतर भी है. टैगोर और गांधी जैसे दो व्यक्तियों के बीच इतना अंतर दिखाई देना कदाचित एक असाधारण घटना है.'

कविता लेखन के अलावा टैगोर की चित्रकारी भी आकर्षित करती है. चित्रकारी का शौक टैगोर को वृद्धावस्था में हुआ. चित्र रचना में सक्रिय टैगोर कहते हैं 'मैं कभी-कभी भूल जाता हूं कि मैं कवित भी लिखता हूं.' मेरे मानवतावादी सिद्धांत काफी करीब है. चित्रकला के लिए टैगोर ने कोई पारंपरिक प्रशिक्षण नहीं लिया था. अतः टैगोर की चित्रकला में परम्परागतता दिखाई नहीं देती. टैगोर की चित्रकला को समझने के लिए विलियम रोथेनस्टइन को लिखे पत्र को देखना चाहिए - 'मैं बहुत चित्र बनाता रहा हूं कभी-कभी मुझे लगता है कि आप उन्हें देखना चाहेंगे, साहसिक तकनीक और शैली से रचे गए हैं जिसे केवल एक अप्रशिक्षित और आवेगशील स्वप्नदृष्टा ही रच सकता है.' टैगोर हाशिये के समाज के प्रति संवेदनशील थे. आदिवासियों की कला से बहुत प्रभावित थे. इनकी कला में उकेरी जाने वाले बर्तनों, घड़े, औजारों आदि के आकर्षक चित्रों द्वारा उस समाज के महत्व को समझा जा सकता है. टैगोर द्वारा बनाए गए चित्रों में महिलाओं को बहुत सम्मान मिला है जैसा कि उनकी कविताओं में है. इन चित्रों में उनकी स्वाभाविक कोमलता को चित्रित किया गया है वहीं कई चित्र पत्थर को तराश कर बनाई गई मूर्ति से लगते हैं. घरे- बाइरे की विमला, नष्ट नीड़ की चारुलता, रक्तकरबी की नंदनी या फिर चंडालिका के बीच फैले वैविध्य के समानांतर हम टैगोर के चित्रों में नारियों को देखते हैं, इनमें यथार्थ की झलक दिखाई देती है. इनके चित्रों को देखकर यह आसानी से समझा जा सकता है कि इन पर किसी चित्रकार का प्रभाव नहीं है. टैगोर कालजई चित्रकार थे.

टैगोर द्वारा स्थापित शांतिनिकेतन में नई शिक्षा पद्धति का सूत्रपात हुआ. नई पीढ़ी को भारतीय मूल्य आदर्श के साथ शिक्षा का अवदान मिला. संपर्क मूल्यों के साथ-साथ नई पद्धति के मिश्रण ने इसे और प्रभावी बना दिया. टैगोर और गांधी की शिक्षा पद्धति पर कोई मतभेद नजर नहीं आता. शिक्षा के दर्शनशास्त्र पर शाति निकेतन और साबरमती में एक सादृश्य है. ये दोनों ही शैक्षणिक संस्थाएं उपनिवेशन सांचे में ढली सरकारी शिक्षा पद्धति से एकदम अलग थीं. इन दोनों की शिक्षा पद्धति में सबसे प्रमुख बात थी- मातृभाषा में शिक्षा. भारतीय जीवन पद्धति और संस्कृति दोनों ही अपनी योजनाओं के अंतर्गत सृजनशील और उत्पादक गतिविधियों में छात्रों की भागीदारी के हिमायती थे, जिसका औपचारिक शिक्षा व्यवस्था में कोई स्थान नहीं था. टैगोर और गांधी की शिक्षा पद्धति में निर्भरता सृजनशीलता बौद्धिकता और व्यावहारिकता का पद सबसे प्रबल है. विश्व-भारती विश्वविद्यालय की स्थापना द्वारा नई पीढ़ी को भारतीय मूल्य आदर्श के साथ-साथ समावेशी शिक्षा देने की नई कोशिश थी. इसमें परंपरा के साथ-साथ नवीनता का समुचित सामंजस्य बनाए रखा गया था. टैगोर के लिए शांति निकेतन भू संपत्ति, भवन आश्रम या केवल शैक्षणिक संस्थान नहीं था- यह उनके विचारों और कल्पना की उर्वर भूमि थी. जिसके जरिए वे भारत की भावी पीढ़ी का निर्माण करना चाहते थे, जिसमें स्वविवेक हो. बिना किसी दबाव के निर्णय लेने की क्षमता हो, स्वच्छंद रचना का कार्य कर सकें. इसी तरह उनकी अपेक्षा थी कि मूल्यपरक समाज निर्माण में ये सहयोगी हो सकेंगे. इस संबंध में एक अच्छा उदाहरण आपके समक्ष प्रस्तुत है- कृपलानी जो कई वर्षों तक शांतिनिकेतन के निवासी रहे उन्होंने एक किस्सा सुनाया- जब असहयोग आंदोलन अपने पूरे जोर-शोर पर था और यह सर्वविदित था कि टैगोर इसके कई मुद्दों पर असहमत थे, गांधी और टैगोर के दृष्टिकोण की सापेक्ष विशेषता विषय पर उनके छात्रों ने एक परिचर्चा आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता टैगोर ने की. वोट डाले गए तो बहुमत गांधीजी के दृष्टिकोण के पक्ष में था और टैगोर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा- 'इस परिचर्चा के परिणाम से जो खुशी मुझे मिली है, उससे अधिक और किसी बात से नहीं हो सकती थी क्योंकि इससे शिक्षा के मौलिक सिद्धांत को वैधता मिली है. उन्होंने अपने विद्यार्थियों को यह सिखाया था कि अपने आप स्वतंत्र होकर विचार करें किसी का अंधानुकरण ना करें. यह टैगोर की शिक्षा नीति का सबसे बेहतर उदाहरण हो सकता है. सहमति और असहमतियों के बीच शांति निकेतन के प्रति गांधी के मन में अगाध प्रेम था. आर्थिक संकट के दौर में गांधी ने बचाने की कोशिश की थी. गांधी इस संस्था के महत्व को समझते थे. आर्थिक सहायता मिलने पर टैगोर ने गांधी के लिए एक मार्मिक पत्र लिखा-

**प्रिय महात्मा जी**

मेरे प्रति आपका प्रेम मेरी उम्मीद से बहुत अधिक है और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जो दान आपने मुझे अर्पण किया है वह परम शांति दायक है और जिन रोज-रोज की परेशानियों से मेरी शक्ति कम हो रही थी उन से मुक्ति दिलाने वाला है. एक उद्देश्य के लिए मैंने अकेले ही लगभग 40 साल तक संघर्ष किया है .... मैं अपनी जीवन यात्रा के अंतिम पड़ाव पर हूं तब अचानक मुक्त हस्त उदारता की संदिग्ध सहानुभूति के आशीर्वाद से मेरा अकिंचन हृदय खुशी से झूम उठता है इसके अतिरिक्त मुझे और कुछ नहीं कहना'

टैगोर के जीवन कृतित्व और उनके संबंधों की ऊंचाई को समझा जा सकता है. टैगोर की महानता के लिए उनका संवेदनशील व्यक्तित्व प्रमुख था. सहमति और असहमति के बीच अपनी बात को सच्चाई से रखना उस पर अडिग रहना, यह टैगोर से सीखने की जरूरत है वे व्यक्तिगत संबंधों को कभी प्रभावित नहीं होने देते थे. संबंधों की मधुरता अपनी जगह थी. राष्ट्र सर्वोपरि था और राष्ट्र के लोग सर्वोपरि थे.

**(लेखक 'अंतिम जन' पत्रिका के संपादक हैं.)**


सत्यमेव जयते

## एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की सोसाइटी

प्लॉट नं.: 2डी, सेक्टर–बी, बोरई इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर, रसमाडा, ज़िला–दुर्ग (छत्तीसगढ़)- 491001

**अमातशिप अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना 2021**

अकादमिक सत्र 2021–22 के लिए निम्नलिखित अमातशिप अनुमोदित और सीएसवीटीयू संबद्ध डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं.

| पाठ्यक्रम | अवधि | सीटें | न्यूनतम अर्हता | आयु |
|---|---|---|---|---|
| टूल डाई मेकिंग में डिप्लोमा | 4 वर्ष | 60 | न्यूनतम 50 % अंकों के साथ (अजा/अजजा श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों के मामले में 40%) मान्यता प्राप्त बोर्ड से विज्ञान और गणित के साथ 10वीं श्रेणी | 01/07/2021 को 15–19 वर्ष (अजा/अजजा अभ्यर्थियों के लिए 3 वर्ष की छूट) |
| मैकेट्रॉनिक्स में डिप्लोमा | 3 वर्ष | 60 | | |

*अजा/अजजा/अपिव (ग़ैर संपन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस के लिए सीटों का आरक्षण भारत सरकार के नियमानुसार लागू है.*

आवेदन प्रपत्र हमारी वेबसाइट www.msmetcdurg.org से "AICTE Diploma Courses" लिंक के तहत डाउनलोड किया जा सकता है अथवा केंद्र के प्रवेश डैस्क से किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

**चयन की पद्धति:** चयन दुर्ग में (ऑनलाइन/ऑफलाइन) लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ और विषयनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्न) के जरिए किया जाएगा। 10वीं के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थी भी लिखित परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। हालांकि प्रवेश के समय परिणाम उपलब्ध हो जाना चाहिए।

**आवेदन कैसे करें:**

**ऑनलाइन-** आवेदक वेबसाइट में उपलब्ध पंजीकरण लिंक पर सीधे जा सकते हैं और आवश्यक विवरण भरें तथा ऑनलाइन फीस का भुगतान करें। इस पद्धति में आवेदन–पत्र की हार्ड प्रति भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है।

**स्पीड पोस्ट अथवा कोरियर से -** भरे हुए आवेदन प्रपत्र साथ में आवश्यक दस्तावेज, फोटोग्राफ और आवेदन शुल्क उप महाप्रबंधक, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग, प्लाट नं. 2डी, सेक्टर–बी, बोरई इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर, रसमाडा, ज़िला दुर्ग (छत्तीसगढ़)–491001 को भेजे जा सकते हैं। आवेदन प्रपत्र जिस लिफाफे में भेजें उस पर सबसे ऊपर इस प्रकार लिखा होना चाहिए–"टूल एवं डाई मेकिंग अथवा मैकेट्रॉनिक्स में डिप्लोमा हेतु आवेदन–पत्र".

एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग में **हाथों हाथ**–भरे हुए आवेदन प्रपत्र साथ में आवश्यक दस्तावेज, फोटोग्राफ और आवेदन शुल्क केंद्र के प्रवेश डैस्क पर किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं।

**आवेदन शुल्क के भुगतान की पद्धति :**

***"आवेदन लागत सामान्य श्रेणी के लिए रु. 500/- और अजा/अजजा श्रेणी के लिए रु. 250/-"***

- ✓ दुर्ग में देय एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग के पक्ष में जारी डिमांड ड्राफ्ट के जरिए
- ✓ www.msmetcdurg.org पर ऑनलाइन (ऑनलाइन भुगतान के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते हैं.)

| | | | |
|---|---|---|---|
| पंजीकरण की शुरुआत | 30/04/2021 | पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि | 21/06/2021 |
| लिखित परीक्षा (ऑनलाइन/ऑफलाइन) | 28/06/2021 | परीक्षा परिणाम की घोषणा | 02/07/2021 |
| प्रवेश और काउंसलिंग प्रक्रिया | 05/07/2021 | पाठ्यक्रम की शुरुआत | 12/07/2021 |

**टिप्पणी: उपर्युक्त अनुसूची/प्रक्रिया में कोविड–19 की स्थितियों और सक्षम प्राधिकारियों के निर्देशों के विषयाधीन परिवर्तन हो सकता है।**

**प्लेसमेंट:** एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग पाठ्यक्रम पूरा होने के उपरांत छात्रों के लिए कैम्पस इंटरव्यू की व्यवस्था करेगा।

**पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें: 9553833942/9030579747/9438081475**

**ई–मेल आईडी:msmetcdurg@gmail.com वेबसाइट:www.msmetcdurg.org**

रो.स. 6/32

# संघ लोक सेवा आयोग
# सिविल सेवा (प्र.) परीक्षा-2018
# सामान्य अध्ययन प्रश्न-पत्र - I

**प्र.1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. पहली लोक सभा में विपक्ष में सबसे बड़ा राजनीतिक दल स्वतन्त्र पार्टी था.
2. लोक सभा में ''नेता-प्रतिपक्ष'' को सर्वप्रथम 1969 में मान्यता दी गई थी.
3. लोक सभा में यदि किसी दल के न्यूनतम 75 सदस्य न हों तो उसके नेता को नेता-प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता नहीं मिल सकती है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**प्र.2. मरुस्थल क्षेत्रों में जल ह्रास को रोकने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/से पर्ण रूपांतरण होता है/होते हैं ?**
1. कठोर एवं मोमी पर्ण
2. लघु पर्ण
3. पर्ण की जगह कांटे

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**
(a) केवल 2 और 3 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**प्र.3. एन. एस. एस. ओ. के 70वें चक्र द्वारा संचालित ''कृषक-कुटुम्बों की स्थिति आकलन सर्वेक्षण'' के अनुसार निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. राजस्थान में ग्रामीण कुटुम्बों में कृषि कुटुम्बों का प्रतिशत सर्वाधिक है.
2. देश के कुल कृषि कुटुम्बों में 60 प्रतिशत से कुछ अधिक ओ. बी. सी. के हैं.
3. केरल में 60 प्रतिशत से कुछ अधिक कृषि कुटुम्बों ने यह सूचना दी कि उन्होंने अधिकतम आय गैर कृषि स्रोतों से प्राप्त की है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 2 और 3 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**प्र.4. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन. जी. टी.) किस प्रकार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सी. पी. सी. बी.) से भिन्न हैं?**
1. एन. जी. टी. का गठन एक अधिनियम द्वारा किया गया है जबकि सी. पी. सी. बी. का गठन सरकार के कार्यपालक आदेश से किया गया है.
2. एन. जी. टी. पर्यावरण न्याय उपलब्ध कराता है और उच्चतर न्यायालयों में मुकदमों के भार को कम करने में सहायता करता है जबकि सी. पी. सी. बी. झरनों और कुंओं की सफाई को प्रोत्साहित करता है, तथा देश में वायु की गुणवत्ता में सुधार लाने का लक्ष्य रखता है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**प्र.5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. भारत की संसद किसी कानून विशेष को भारत के संविधान की नौवीं अनुसूची में डाल सकती है.
2. नौवीं अनुसूची में डाले गए किसी कानून की वैधता का परीक्षण किसी न्यायालय द्वारा नहीं किया जा सकता एवं उसके ऊपर कोई निर्णय भी नहीं किया जा सकता है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**प्र.6. कभी-कभी समाचारों में आने वाले पद ''व्यापारी छूट दर'' (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) को निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे सही स्पष्ट करता है?**
(a) यह किसी बैंक द्वारा किसी व्यापारी को उस बैंक के डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिए दिया जाने वाला प्रोत्साहन है.
(b) यह बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों को वस्तुओं और सेवाओं के क्रय हेतु वित्तीय लेन-देनों के लिए डेबिट कार्ड का प्रयोग करने पर वापस दी जाने वाली राशि है.
(c) यह बैंक द्वारा किसी व्यापारी पर अपने ग्राहकों के डेबिट कार्ड से भुगतान लेने पर लगाया जाने वाला शुल्क है.
(d) यह सरकार द्वारा व्यापारियों को अपने ग्राहकों से 'पॉइंट ऑफ सेल'(पी. ओ. एस.) मशीनों और डेबिट कार्ड के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए दिया जाने वाला प्रोत्साहन है.

**प्र.7. किसी देश के 'नाभिकीय पूर्तिकर्ता समूह' के सदस्य बनने का/के क्या परिणाम है/हैं?**
1. इसकी पहुंच नवीनतम और सबसे कुशल परमाणु प्रौद्योगिकियों तक हो जाएगी.
2. वह स्वमेव ''नाभकीय आयुध अप्रसार संधि'' (एन.पी.टी) का सदस्य बन जाता है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, और न ही 2

**प्र.8. अप्रवासी सत्वों द्वारा दी जा रही ऑनलाइन विज्ञापन सेवाओं पर भारत द्वारा 6 प्रतिशत समकरण कर लगाए जाने के निर्णय के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
1. यह आय कर अधिनियम के भाग के रूप में लागू किया गया है.
2. भारत में विज्ञापन सेवाएं देने वाले अप्रवासी सत्व अपने गृह देश में ''दोहरे कराधान से बचाव समझौते'' के अंतर्गत टैक्स क्रेडिट का दावा कर सकते हैं.

**निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, और न ही 2

**प्र.9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. राजकोषीय दायित्व और बजट प्रबंधन (एफ. आर. बी. एम.) समीक्षा समिति के प्रतिवेदन में सिफारिश की गई है कि वर्ष 2023 तक केंद्र एवं राज्य सरकारों को मिलाकर ऋण-जी. डी. पी. अनुपात 60 प्रतिशत रखा जाए जिसमें केंद्र सरकार के लिए यह 40 प्रतिशत तथा राज्य सरकारों के लिए 20 प्रतिशत हो.
2. राज्य सरकारों के जी. डी. पी. के 49 प्रतिशत की तुलना में केंद्र सरकार के लिए जी. डी. पी. का 21 प्रतिशत घरेलू देयतायें हैं.
3. भारत के संविधान के अनुसार यदि किसी राज्य के पास केंद्र सरकार की बकाया देयतायें हैं तो उसे कोई भी ऋण लेने से पहले केंद्र सरकार से सहमति लेना अनिवार्य है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**प्र.10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. पिछले पांच वर्षों में आयातित खाद्य तेलों की मात्रा, खाद्य तेलों के घरेलू उत्पादन से अधिक रही है.
2. सरकार विशेष स्थिति के तौर पर सभी आयातित खाद्य तेलों पर किसी प्रकार का सीमा शुल्क नहीं लगाती.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**प्र.11. उन्होंने मैज़िनी, गैरिबॉल्डी, शिवाजी तथा श्रीकृष्ण की जीवनी लिखी; वे अमेरिका में कुछ समय के लिए रहे; तथा वे केंद्रीय सभा के सदस्य भी निर्वाचित हुए. वे थे**
(a) अरविंद घोष
(b) विपिन चन्द्र पाल
(c) लाला लाजपत राय
(d) मोतीलाल नेहरू

**प्र.12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. आधार कार्ड का प्रयोग नागरिकता या अधिवास के प्रमाण के रूप में किया जा सकता है.
2. एक बार जारी करने के पश्चात इसे निर्गत करने वाला प्राधिकरण आधार संख्या को निष्क्रिय या लुप्त नहीं कर सकता.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, और न ही 2

**प्र.13. निम्नलिखित में से कौन-सा/से मानव क्रियाकलापों के कारण हाल में बहुत अधिक संकुचित हो गया है/सूख गया है?**
1. अराल सागर 2. काला सागर
3. बैकाल झील

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) केवल 2 (d) 1 और 3

**प्र.14. ''विधि का नियम सूचकांक'' (रूल ऑफ़ लॉ इंडेक्स) को निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?**
(a) एमनेस्टी इंटरनेशनल
(b) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय
(c) संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार आयुक्त कार्यालय
(d) विश्व न्याय परियोजना

**प्र.15. निम्नलिखित में से कौन भारत के सभी ATM को जोड़ता है?**
(a) भारतीय बैंक एसोसिएशन
(b) राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेप लिमिटेड (नेशनल सेक्युरिटीज डिपोज़िटरी लिमिटेड)
(c) भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया)
(d) भारतीय रिज़र्व बैंक

**प्र.16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सी. ए. आर.) वह राशि है जिसे बैंकों को अपनी निधियों के रूप में रखना होता है जिससे वे, यदि खाता-धारकों द्वारा देयताओं का भुगतान नहीं करने से कोई हानि होती है, तो उसका प्रतिकार कर सकें.
2. सी. ए. आर. का निर्धारण प्रत्येक बैंक द्वारा अलग-अलग किया जाता है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्र.17. पहचान प्लेटफार्म 'आधार' खुला (ओपेन) ''एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस'' (ए. पी. आई.) उपलब्ध कराता है. इसका क्या अभिप्राय है?**
1. इसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ एकीकृत किया जा सकता है.
2. परितारिका (आईरिस) का प्रयोग कर ऑनलाइन प्रमाणीकरण संभव है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**प्र.18. बिलकुल हाल में, निम्नलिखित में से किन देशों में लाखों लोग या तो भयंकर अकाल एवं कुपोषण से प्रभावित हुए, या उनकी युद्ध/संजातीय संघर्ष के चलते उत्पन्न भुखमरी के कारण मृत्यु हुई?**
(a) अंगोला और ज़ाम्बिया
(b) मोरक्को और ट्यूनीशिया
(c) वेनेज़ुएला और कोलंबिया
(d) यमन और दक्षिण सूडान

**प्र.19. वुड डिस्पैच के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
1. सहायता अनुदान व्यवस्था (ग्रांट्स-इन-एड) शुरू की गई.
2. विश्वविद्यालयों की स्थापना की सिफारिश की गई.
3. शिक्षा के सभी स्तरों पर शिक्षण माध्यम के रूप में अंग्रेजी की सिफारिश की गई.

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**प्र.20. भारत की संसद के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सी संसदीय समिति इसकी संवीक्षा करती है और सदन को सूचित करती है कि जो विनियम, नियम, उप-नियम, उप-विधि, आदि बनाने की शक्तियां संविधान द्वारा प्रदत्त हैं या सदन द्वारा प्रत्यायोजित हैं उनका कार्यपालिका द्वारा इन प्रत्यायोजनों (डेलिगेशन) की परिधि के भीतर उचित प्रयोग हो रहा है?**
(a) सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति
(b) अधीनस्थ विधान संबंधी समिति
(c) नियम समिति
(d) कार्य सलाहकार (बिज़नेस ऐडवाइज़री) समिति

**प्र.21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. शिक्षा का अधिकार (आर. टी. ई.) अधिनियम के अनुसार किसी राज्य में शिक्षक के रूप में नियुक्त होने हेतु अर्ह होने के लिए किसी व्यक्ति में संबंधित राज्य अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित न्यूनतम योग्यता का होना आवश्यक है.
2. आर. टी. ई. अधिनियम के अनुसार प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षण हेतु किसी अभ्यर्थी के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिए गए अध्यापक अर्हता परीक्षण में उत्तीर्ण होना आवश्यक है.
3. भारत में 90 प्रतिशत से अधिक अध्यापक शिक्षा संस्थान प्रत्यक्ष रूप से राज्य सरकारों के अधीन हैं.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 (d) केवल 3

**प्र.22. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| परम्परा | राज्य |
|---|---|
| 1. चपचार कुट त्योहार | - मिज़ोरम |
| 2. खोंगजॉम परबा गाथागीत | - मणिपुर |
| 3. थांग-टा नृत्य | - सिक्किम |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 2 और 3

**प्र.23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 ने खाद्य अपमिश्रण की रोकथाम (प्रिवेंशन ऑफ़ फूड एडल्टरेशन) अधिनियम, 1954 को प्रतिस्थापित किया.
2. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया) (एफ. एस. एस. ए. आई.) केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के प्रभार में है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**प्र.24. कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित पद ''टू-स्टेट सोल्यूशन'' किसकी गतिविधियों के संदर्भ में आता है?**
(a) चीन (b) इज़रायल
(c) इराक (d) यमन

**प्र.25. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अधीन बनाए गए उपबंधों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. केवल वे ही परिवार सहायता प्राप्त खाद्यान्न लेने की पात्रता रखते हैं जो ''ग़रीबी रेखा से नीचे'' (बी. पी. एल.) श्रेणी में आते हैं.
2. परिवार में 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र की सबसे अधिक उम्र वाली महिला ही राशन कार्ड निर्गत किए जाने के प्रयोजन से परिवार का मुखिया होगी.

(क्रमशः)

3. गर्भवती महिलाएं एवं दुग्ध पिलाने वाली माताएं गर्भावस्था के दौरान उसके छः महीने बाद तक प्रतिदिन 1600 कैलोरी वाला राशन घर ले जाने की हक़दार हैं.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 और 2 (b) केवल 2

(c) 1 और 3 (d) केवल 3

**प्र.26. भारत में माल के भौगोलिक संकेत (रजिस्ट्रेशन और संरक्षण) अधिनियम, 1999 को निम्नलिखित में से किससे संबंधित दायित्वों के अनुपालन के लिए लागू किया गया?**

(a) आई. एल. ओ.

(b) आई. एम. एफ.

(c) यू. एन. सी. टी. ए. डी.

(d) डब्ल्यू. टी. ओ.

**प्र.27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. भारत में राज्य सरकारों को गैर-कोयला खदानों की नीलामी का अधिकार नहीं है.
2. आंध्र प्रदेश एवं झारखंड में सोने की खदानें नहीं है.
3. राजस्थान में लोह अयस्क की खदानें हैं.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 और 2 (b) केवल 2

(c) 1 और 3 (d) केवल 3

**प्र.28. डिजिटल भुगतान संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. भीम (BHIM) ऐप्प उपयोग करने वाले के लिए यह ऐप्प यू. पी. आई. (UPI) सक्षम बैंक खाते से किसी को धन का हस्तांतरण करना संभव बनाता है.
2. जहां एक चिप-पिन डेबिड कार्ड में प्रमाणीकरण के चार घटक होते हैं, भीम ऐप्प में प्रमाणीकरण के सिर्फ़ दो घटक होते हैं.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, और न ही 2

**प्र.29. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर दिल्ली के सबसे समीप के देशान्तर पर स्थित है?**

(a) बेंगलुरु (b) हैदराबाद

(c) नागपुर (d) पुणे

**प्र.30. अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के 138 एवं 182 अभिसमय किससे संबंधित हैं?**

(a) बाल श्रम

(b) कृषि के तरीकों का वैश्विक जलवायु परिवर्तन से अनुकूलन

(c) खाद्य कीमतों एवं खाद्य सुरक्षा का विनियमन

(d) कार्यस्थल पर लिंग समानता.

**प्र.31. धन विधेयक के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है?**

(a) किसी बिल (विधेयक) को धन विधेयक तब माना जाएगा जब इसमें केवल किसी कर के अधिरोपण, उन्मूलन, माफी, परिवर्तन या विनियमन से संबंधित प्रावधान हों.

(b) धन विधेयक में भारत की संचित निधि एवं भारत की आकस्मिकता निधि की अभिरक्षा से संबंधित उपबंध होते हैं.

(c) धन विधेयक भारत की आकस्मिकता निधि से धन के विनियोजन से संबंधित होता है.

(d) धन विधेयक भारत सरकार द्वारा धन के उधार लेने या कोई प्रत्याभूति देने के विनियमन से संबंधित होता है.

**प्र.32. भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. प्रत्येक एम. एल. ए. के वोट का मूल्य अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होता है.
2. लोक सभा के सदस्यों के वोट का मूल्य राज्य सभा के सदस्यों के वोट के मूल्य से अधिक होता है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**प्र.33. भारत के संदर्भ में 'अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आई. ए. ई. ए.)' के 'अतिरिक्त नयाचार (एडीशनल प्रोटोकॉल)' का अनुसमर्थन करने का निहितार्थ क्या है?**

(a) असैनिक परमाणु रिऐक्टर आई. ए. ई. ए. के रक्षोपायों के अधीन आ जाते हैं.

(b) सैनिक परमाणु अधिष्ठान आई. ए. ई. ए. के निरीक्षण के अधीन आ जाते हैं.

(c) देश के पास नाभिकीय पूर्तिकर्ता समूह (एन. एस. जी.) से यूरेनियम के क्रय का विशेषाधिकार हो जाएगा.

(d) देश स्वतः एन. एस. जी. का सदस्य बन जाता है.

**प्र.34. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए:**

1. ऑस्ट्रेलिया 2. कनाडा
3. चीन 4. भारत
5. जापान 6. यू. एस. ए.

**उपर्युक्त में से कौन-कौन आसियान (ए. एस. इ. ए. एन.) के 'मुक्त व्यापार भागीदारों' में से हैं?**

(a) 1, 2, 4, और 5

(b) 3, 4, 5, और 6

(c) 1, 3, 4 और 5

(d) 2, 3, 4, और 6

**प्र.35. 'जलवायु-अनुकूली कृषि के लिए वैश्विक सहबंध' (ग्लोबल एलायन्स फॉर क्लाइमेट-स्मार्ट एग्रीकल्चर) (GACSA) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. GACSA, 2015 में पेरिस में हुए जलवायु शिखर सम्मेलन का एक परिणाम है.
2. GACSA में सदस्यता से कोई बन्धनकारी दायित्व उत्पन्न नहीं होता.
3. GACSA के निर्माण में भारत की साधक भूमिका थी.

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**प्र.36. निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारत सरकार का/के "डिजिटल इंडिया" योजना का/के उद्देश्य है/हैं?**

1. भारत की अपनी इंटरनेट कम्पनियों का गठन, जैसा कि चीन ने किया.
2. एक नीतिगत ढांचे की स्थापना जिससे बड़े आंकड़े एकत्रित करने वाली समुद्रपारीय बहु-राष्ट्रीय कम्पनियों को प्रोत्साहित किया जा सके कि वे हमारी राष्ट्रीय भौगोलिक सीमाओं के अन्दर अपने बड़े डेटा केंद्रों की स्थापना करें.
3. हमारे अनेक गांव को इंटरनेट से जोड़ना तथा हमारे बहुत से विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख पर्यटक केंद्रों में वाई-फाई (Wi-Fi) लाना.

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**प्र.37. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित शहर | देश |
|---|---|
| 1. अलेप्पो - | सीरिया |
| 2. किरकुक - | यमन |
| 3. मोसुल - | फिलिस्तीन |
| 4. मज़ार-ए शरीफ - | अफगानिस्तान |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?**

(a) 1 और 2 (b) 1 और 4

(c) 2 और 3 (d) 3 और 4

**प्र.38. भारतीय शासन अधिनियम, 1935 के द्वारा स्थापित संघ में अवशिष्ट शक्तियां किसे दी गई थीं?**

(a) संघीय विधान-मण्डल को

(b) गवर्नर जनरल को

(c) प्रांतीय विधान-मण्डल को

(d) प्रांतीय राज्यपालों को

**प्र.39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. विधान सभा का/की अध्यक्ष, यदि विधान सभा का/की सदस्य नहीं रहता है/रहती है तो अपना पद रिक्त कर देगा/देगी.
2. जब कभी विधान सभा का विघटन किया जाता है तो अध्यक्ष अपने पद को तुरंत रिक्त कर देगा/देगी.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**प्र.40. विधि और स्वाधीनता के बीच सबसे उपयुक्त संबंध को, निम्नलिखित में से कौन प्रतिबिम्बित करता है?**

(a) यदि विधियां अधिक होती हैं तो स्वाधीनता कम होती है.

(b) यदि विधि नहीं है तो स्वाधीनता भी नहीं है.

(c) यदि स्वाधीनता है तो विधि-निर्माण जनता को करना होगा.

(d) यदि विधि-परिवर्तन बार-बार होता है तो वह स्वाधीनता के लिए खतरा है.

**प्र.41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. किसी राज्य के राज्यपाल के विरुद्ध उसकी पदावधि के दौरान किसी न्यायालय में कोई दांडिक कार्यवाही संस्थित नहीं की जाएगी.
2. किसी राज्य के राज्यपाल की परिलब्धियां और भत्ते उसकी पदावधि के दौरान कम नहीं किए जाएंगे.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**प्र.42. सुप्रसिद्ध चित्र "बणी-ठणी" किस शैली का है?**

(a) बूंदी शैली

(b) जयपुर शैली

(c) कांगड़ा शैली

(d) किशनगढ़ शैली

**प्र.43. कभी-कभी समाचार में उल्लिखित 'टर्मिनल हाई ऑल्टिट्यूड एरिया डिफेंस (टी. एच. ए. ए. डी.)' क्या है?**

(a) इज़रायल की एक राडार प्रणाली

(b) भारत का घरेलू मिसाइल-प्रतिरोधी कार्यक्रम

(c) अमेरिकी मिसाइल-प्रतिरोधी प्रणाली

(d) जापान और दक्षिण कोरिया के बीच एक रक्षा सहयोग

**प्र.44. भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. त्यागराज की अधिकांश कृतियां भगवान कृष्ण की स्तुति के भक्ति गीत हैं.
2. त्यागराज ने अनेक नए रागों का सृजन किया.
3. अन्नमाचार्य और त्यागराज समकालीन हैं.
4. अन्नमाचार्य कीर्तन भगवान वेंकटेश्वर की स्तुति के भक्ति गीत हैं.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2 और 4

(c) 1, 2 और 3

(d) 2, 3 और 4

**प्र.45. निम्नलिखित में से किनको "विधि के शासन" के प्रमुख लक्षणों के रूप में माना जाएगा?**

1. शक्तियों का परिसीमन
2. विधि के समक्ष समता
3. सरकार के प्रति जन-उत्तरदायित्व
4. स्वतंत्रता और नागरिक अधिकार

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**प्र.46. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन वैध मुद्रा (लीगल टेंडर मनी) के अर्थ को सही वर्णित करता है?**

(a) न्यायालय में विधिक मामलों के लिए फीस के चुकाने में जो मुद्रा दी जाती है

(b) वह मुद्रा जो कोई ऋणदाता अपने दावों के निपटाने में स्वीकार करने के लिए बाध्य होता है

(c) चैक, ड्राफ्ट, विनिमय बिलों, आदि के रूप में बैंक मुद्रा

(d) किसी देश में चलन में धातु मुद्रा

**प्र.47. यदि सरकार द्वारा कोई वस्तु जनता को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है, तो**

(a) विकल्प लागत शून्य होती है.

(b) विकल्प लागत की उपेक्षा की जाती है.

(c) विकल्प लागत को उत्पाद के उपभोक्ता से कर देने वाली जनता को अंतरित कर दिया जाता है.

(d) विकल्प लागत को उत्पाद के उपभोक्ता से शासन को अंतरित कर दिया जाता है.

**प्र.48. निरपेक्ष तथा प्रति व्यक्ति वास्तविक GNP की वृद्धि आर्थिक विकास की ऊंची दर का संकेत *नहीं* करती, यदि**

(a) औद्योगिक उत्पादन कृषि उत्पादन के साथ-साथ बढ़ने में विफल रह जाता है.

(b) कृषि उत्पादन औद्योगिक उत्पादन के साथ-साथ बढ़ने में विफल रह जाता है.

(c) निर्धनता और बेरोज़गारी में वृद्धि होती है.

(d) निर्यातों की अपेक्षा आयात तेज़ी से बढ़ते हैं.

**प्र.49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**एक संकल्पना के रूप में मानव पूंजी निर्माण की बेहतर व्याख्या उस प्रक्रिया के रूप में की जाती है, जिसके द्वारा**

1. किसी देश के व्यक्ति अधिक पूंजी का संचय कर पाते हैं.
2. देश के लोगों के ज्ञान, कौशल स्तरों और क्षमताओं में वृद्धि हो पाती है.
3. गोचर धन का संचय हो पाता है.
4. अगोचर धन का संचय हो पाता है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 और 2 (b) केवल 2

(c) 2 और 4 (d) 1, 3 और 4

**प्र.50. उच्च बचत वाली अर्थव्यवस्था होते हुए भी किस कारण पूंजी निर्माण महत्वपूर्ण उत्पादन वृद्धि में परिणामित नही हो पाता है?**

(a) कमज़ोर प्रशासन तंत्र

(b) निरक्षरता

(c) उच्च जनसंख्या घनत्व

(d) उच्च पूंजी-उत्पाद अनुपात

**प्र.51. संथाल विद्रोह के शांत हो जाने के बाद, औपनिवेशिक शासन द्वारा कौन-सा/से उपाय किया गया/किए गए?**

1. 'संथाल परगना' नामक राज्यक्षेत्रों का सृजन किया गया.
2. किसी संथाल का गैर-संथाल को भूमि अंतरण करना गैरकानूनी हो गया.

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**प्र.52. आर्थिक तौर पर, 19वीं शताब्दी में भारत पर अंग्रेजी शासन का एक परिणाम था**

(a) भारतीय हस्त-शिल्पों के निर्यात में वृद्धि

(b) भारतीयों के स्वामित्व वाले कारखानों की संख्या में वृद्धि

(c) भारतीय कृषि का वाणिज्यीकरण

(d) नगरीय जनसंख्या में तीव्र वृद्धि

**प्र.53. यदि भारत का राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन यथा उपबंधित अपनी शक्तियों का किसी विशेष राज्य के संबंध में प्रयोग करता है, तो**

(a) उस राज्य की विधान सभा स्वतः भंग हो जाती है.

(b) उस राज्य के विधानमंडल की शक्तियां संसद द्वारा या उसके प्राधिकार के अधीन प्रयोज्य होंगी.

(c) उस राज्य में अनुच्छेद 19 निलंबित हो जाता है.

(d) राष्ट्रपति उस राज्य से संबंधित विधियां बना सकता है.

प्र.54. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| *शिल्प* | *किस राज्य की परंपरा* |
|---|---|
| 1. पुथुक्कुलि शॉल | - तमिलनाडु |
| 2. सुजनी कढ़ाई | - महाराष्ट्र |
| 3. उप्पाडा जामदानी साड़ी | - कर्नाटक |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 2 और 3

प्र.55. GPS तकनीक का उपयोग निम्नलिखित में से किन क्षेत्रों में हो सकता है?

1. मोबाइल फ़ोन प्रचालन
2. बैंकिंग प्रचालन
3. पॉवर ग्रिडों का नियंत्रण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

प्र.56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत सरकार की प्रतिभूतियों का प्रबंधन और प्रयोजन करता है किन्तु किसी राज्य सरकार की प्रतिभूतियों का नहीं.
2. भारत सरकार कोष-पत्र (ट्रेज़री बिल) जारी करती है और राज्य सरकारें कोई कोष-पत्र जारी नहीं करतीं.
3. कोष-पत्र ऑफर अपने सममूल्य से बट्टे पर जारी किए जाते हैं.

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

प्र.57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. पृथ्वी का चुम्बकीय क्षेत्र हर कुछ सौ हजार सालों में उत्क्रमित हुआ है.
2. पृथ्वी जब 4000 मिलियन वर्षों से भी अधिक पहले बनी, तो ऑक्सीजन 54 प्रतिशत थी और कार्बन-डाइऑक्साइड नहीं थी.
3. जब जीवित जीव पैदा हुए, उन्होंने पृथ्वी के आरंभिक वायुमण्डल को बदल दिया.

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

प्र.58. 'वान्नाक्राई, पेट्या और इटर्नलब्लू' पद जो हाल ही में समाचारों में उल्लिखित थे निम्नलिखित में से किसके साथ संबंधित हैं?

(a) एक्सोप्लैनेट्स
(b) प्रच्छन्न मुद्रा (क्रिप्टोकरेंसी)
(c) साइबर आक्रमण
(d) लघु उपग्रह

प्र.59. भारतीय कृषि में परिस्थितियों के संदर्भ में, ''संरक्षण कृषि'' की संकल्पना का महत्व बढ़ जाता है. निम्नलिखित में से कौन-कौन से संरक्षण कृषि के अंतर्गत आते हैं?

1. एकधान्य कृषि पद्धतियों का परिहार
2. न्यूनतम जोत को अपनाना
3. बागानी फ़सलों की खेती का परिहार
4. मृदा धरातल को ढकने के लिए फ़सल अवशिष्ट का उपयोग
5. स्थानिक एवं कालिक फ़सल अनुक्रमण/फ़सल आवर्तनों को अपनाना.

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) 1, 3 और 4
(b) 2, 3, 4 और 5
(c) 2, 4 और 5
(d) 1, 2, 3 और 5

प्र.60. ''छठा व्यापक विलोप/छठा विलोप'' यह शब्द किसकी विवेचना के संदर्भ में समाचारों में प्राय: उल्लिखित होता है?

(a) विश्व के बहुत से भागों में कृषि में व्यापक रूप में एकधान्य कृषि प्रथा और बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक कृषि के साथ रसायनों के अविवेकी प्रयोग के परिणामस्वरूप अच्छे देशी पारितंत्र की हानि.
(b) आसन्न भविष्य में पृथ्वी के साथ उल्कापिण्ड की संभावित टक्कर का भय, जैसा कि 65 मिलियन वर्ष पहले हुआ था और जिसके कारण डायनोसोर की जातियों समेत अनेक जातियों का व्यापक रूप से विलोप हो गया.
(c) विश्व के अनेक भागों में आनुवंशिकत: रूपांतरित फ़सलों की व्यापक रूप में खेती और विश्व के दूसरे भागों में उनकी खेती को बढ़ावा देना, जिसके कारण अच्छे देशी फ़सली पादपों का विलोप हो सकता है और खाद्य जैव-विविधता की हानि हो सकती है.
(d) मानव द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का अतिशोषण/दुरुपयोग, प्राकृतिक आवासों का संविभाजन/नाश, पारितंत्र का विनाश, प्रदूषण और वैश्विक जलवायु परिवर्तन.

प्र.61. भारतीय क्षेत्रीय-संचालन उपग्रह प्रणाली (इंडियन रीजनल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम/ IRNSS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. IRNSS की तुल्यकाली (जियोस्टेशनरी) कक्षाओं में तीन उपग्रह हैं और भूतुल्यकाली (जियोसिंक्रोनस) कक्षाओं में चार उपग्रह हैं.
2. IRNSS की व्याप्ति सम्पूर्ण भारत पर और इसकी सीमाओं के लगभग 5500 वर्ग किमी बाहर तक है.
3. 2019 के मध्य तक भारत की, पूर्ण वैश्विक व्याप्ति के साथ अपनी उपग्रह संचालन प्रणाली होगी.

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) कोई नहीं

प्र.62. निम्नलिखित परिघटनाओं पर विचार कीजिए:

1. प्रकाश, गुरुत्व द्वारा प्रभावित होता है.
2. ब्रह्माण्ड लगातार फैल रहा है.
3. पदार्थ अपने चारों ओर के दिक्काल को विकुंचित (वार्प) करता है.

उपर्युक्त में से एल्बर्ट आइन्सटाइन के आपेक्षिकता के सामान्य सिद्धान्त का/के भविष्य कथन कौन-सा/से है/हैं, जिसकी/जिनकी प्राय: समाचार माध्यमों में विवेचना होती है?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

प्र.63. भारत में विकसित आनुवंशिकत: रूपांतरित सरसों (जेनेटिकली मॉडिफाइड सरसों/GM सरसों) के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. GM सरसों में मृदा जीवाणु के जीन होते हैं जो पादप को अनेक किस्मों के पीड़कों के विरुद्ध पीड़क-प्रतिरोध का गुण देते हैं.
2. GM सरसों में वे जीन होते हैं जो पादप में पर-परागण और संस्करण को सुकर बनाते हैं.
3. GM सरसों का विकास IARI और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है.

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

प्र.64. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| कभी-कभी समाचारों में आने वाले शब्द | संदर्भ/विषय |
|---|---|
| 1. बेल II प्रयोग | - कृत्रिम बुद्धि |
| 2. ब्लॉक चेन प्रौद्योगिकी | - डिजिटल/क्रिप्टो मुद्रा |
| 3. CRISPR-Cas9 | - कण भौतिकी |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2, और 3

प्र.65. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा ''कार्बन निषेचन'' (कार्बन फर्टिलाइज़ेशन) को सर्वोत्तम वर्णित करता है?

(a) वायुमण्डल में कार्बन डाइऑक्साइड की बढ़ी हुई सांद्रता के कारण बढ़ी हुई पादप वृद्धि
(b) वायुमण्डल में कार्बन डाइऑक्साइड की बढ़ी हुई सांद्रता के कारण पृथ्वी का बढ़ा हुआ तापमान
(c) वायुमण्डल में कार्बन डाइऑक्साइड की बढ़ी हुई सांद्रता के परिणामस्वरूप महासागरों की बढ़ी हुई अम्लता
(d) वायुमण्डल में कार्बन डाइऑक्साइड की बढ़ी हुई सांद्रता के द्वारा हुए जलवायु परिवर्तन के अनुरूप पृथ्वी पर सभी जीवधारियों का अनुकूलन

प्र.66. जब सुबह आपके स्मार्ट फ़ोन का अलार्म बजता है, तो आप उठ जाते हैं और अलार्म को बंद करने के लिए उसे थपकी देते हैं जिससे आपका गीज़र स्वत: ही चल पड़ता है. आपके स्नानागार में लगा स्मार्ट दर्पण दिन के मौसम को दर्शाता है और आपकी ऊपरी टंकी में पानी के स्तर का भी संकेत देता है. जब आप नाश्ता बनाने के लिए अपने रेफ्रिजरेटर से कुछ किराना-सामान निकाल लेते हैं, यह इसमें भंडारित सामान में आई कमी को जान लेता है और ताजे किराना-सामानों की पूर्ति के लिए क्रयादेश दे देता है. जब आप घर से बाहर कदम रखते हैं और दरवाजे पर ताला लगाते हैं, तब सभी बत्तियां, पंखे, गीज़र और ए. सी. मशीनें स्वत: बंद हो जाती हैं. आपके कार्यालय के रास्ते पर, आपकी कार आगे आने वाले यातायात की भीड़ के बारे में आपको चेतावनी देती है और वैकल्पिक रास्ते का सुझाव देती है, और यदि आपको किसी बैठक के लिए देर हो रही है, तो यह उसके अनुसार आपके कार्यालय में संदेश भेज देती है.

इन आविर्भूत होती हुई संचार प्रौद्योगिकी के सन्दर्भ में, उपर्युक्त परिदृश्य के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा पद सबसे उपर्युक्त रूप से लागू होता है?

(a) बॉर्डर गेटवे प्रोटोकॉल
(b) इन्टरनेट ऑफ़ थिंग्स
(c) इन्टरनेट प्रोटोकॉल
(d) वर्चुवल प्राइवेट नेटवर्क

प्र.67. भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन के सन्दर्भ में, नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारत प्रकाश-वोल्टीय इकाइयों में प्रयोग में आने वाले सिलिकॉन वेफर्स का दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है.
2. सौर ऊर्जा शुल्क का निर्धारण भारतीय सौर ऊर्जा निगम के द्वारा किया जाता है.

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

प्र.68. 18वीं शताब्दी के मध्य इंग्लिश ईस्ट इंडिया कम्पनी के द्वारा बंगाल से निर्यातित प्रमुख पण्यपदार्थ (स्टेपल कमोडिटीज) क्या थे?

(a) अपरिष्कृत कपास, तिलहन और अफ़ीम
(b) चीनी, नमक, जस्ता और सीसा
(c) तांबा, चांदी, सोना, मसाले और चाय
(d) कपास, रेशम, शोरा और अफ़ीम

प्र.69. निम्नलिखित में से कौन-सा एक चम्पारण सत्याग्रह का अति महत्वपूर्ण पहलू है?

(a) राष्ट्रीय आंदोलन में अखिल भारतीय स्तर पर अधिवक्ताओं, विद्यार्थियों और महिलाओं की सक्रिय सहभागिता
(b) राष्ट्रीय आंदोलन में भारत के दलित और आदिवासी समुदायों की सक्रिय भागीदारी
(c) भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में किसान असंतोष का सम्मिलित होना
(d) रोपण फ़सलों तथा वाणिज्यिक फ़सलों की खेती में भारी गिरावट

प्र.70. निम्नलिखित में से कौन 1948 में स्थापित ''हिन्द मज़दूर सभा'' के संस्थापक थे?

(a) बी. कृष्ण पिल्लई, ई. एम. एस. नम्बूदिरिपाद और के. सी. जार्ज
(b) जयप्रकाश नारायण, दीन दयाल उपाध्याय और एम. एन. रॉय
(c) सी. पी. रामास्वामी अय्यर के. कामराज और वीरेशलिंगम पंतुलु
(d) अशोक मेहता, टी. एस. रामानुजम और जी. जी. मेहता

प्र.71. भारत की धार्मिक प्रथाओं के संदर्भ में ''स्थानकवासी'' सम्प्रदाय का संबंध किससे है?

(a) बौद्ध मत (b) जैन मत
(c) वैष्णव मत (d) शैव मत

प्र.72. भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. फतेहपुर सीकरी स्थित बुलंद दरवाजा तथा खानकाह के निर्माण में सफ़ेद संगमरमर का प्रयोग हुआ था.
2. लखनऊ स्थित बड़ा इमामबाड़ा और रूमी दरवाजा के निर्माण में लाल-बलुआ पत्थर और संगमरमर का प्रयोग हुआ था.

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

प्र.73. निम्नलिखित विदेशी यात्रियों में से किसने भारत के हीरों और हीरे की खदानों की विस्तृत रूप से चर्चा की?

(a) फ्रांस्वा बर्नियर
(b) ज्यां-बैप्टिस्ट टेवर्नियर
(c) ज्यां द थेवेनो
(d) एबे बार्थेलेमी कारे

प्र.74. भारतीय इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन भावी बुद्ध है, जो संसार की रक्षा हेतु अवतरित होंगे?

(a) अवलोकितेश्वर
(b) लोकेश्वर
(c) मैत्रेय
(d) पद्मपाणि

प्र.75. लॉर्ड वेलेज़ली द्वारा लागू की गई सहायक संधि व्यवस्था के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन लागू नहीं होता?

(a) दूसरों के खर्च पर एक बड़ी सेना बनाए रखना
(b) भारत को नेपोलियन के ख़तरे से सुरक्षित रखना
(c) कंपनी के लिए एक नियत आय का प्रबंध करना
(d) भारतीय रियासतों के ऊपर ब्रिटिश सर्वोच्चता स्थापित करना

प्र.76. निम्नलिखित में से किससे/किनसे भारत में अंग्रेज़ी शिक्षा की नींव पड़ी?

1. 1813 का चार्टर ऐक्ट
2. जनरल कमेटी ऑफ़ पब्लिक इंस्ट्रक्शन, 1823
3. प्राच्यविद् एवं आंग्लाविद् विवाद

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2, और 3

प्र.77. निम्नलिखित में से कौन-सी एक कृत्रिम झील है?

(a) कोडाईकनाल (तमिलनाडु)
(b) कोल्लेरू (आंध्र प्रदेश)
(c) नैनीताल (उत्तराखंड)
(d) रेणुका (हिमाचल प्रदेश)

**प्र. 78. प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की फ्लैगशिप स्कीम है.
2. यह, अन्य चीज़ों के साथ-साथ, सॉफ्ट स्किल, उद्यमवृत्ति, वित्तीय और डिजिटल साक्षरता में भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगी.
3. यह देश के अविनियमित कार्यबल की कार्यकुशलताओं को राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क) के साथ जोड़ेगी.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**प्र.79. 1920 में, निम्नलिखित में से किसने अपना नाम परिवर्तित कर ''स्वराज्य सभा'' रख लिया?**

(a) ऑल इंडिया होम रूल लीग
(b) हिंदू महासभा
(c) साउथ इंडियन लिबरल फेडरेशन
(d) द सर्वेन्ट्स ऑफ़ इंडिया सोसाइटी

**प्र.80. निम्नलिखित में से कौन-सी घटना सबसे पहले हुई?**

(a) स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना की.
(b) दीनबंधु मित्र ने नीलदर्पण का लेखन किया.
(c) बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने आनंदमठ का लेखन किया.
(d) सत्येन्द्रनाथ टैगोर इंडियन सिविल सर्विस परीक्षा में सफलता पाने वाले प्रथम भारतीय बने.

**प्र.81. निम्नलिखित में से कौन-सा/से नदी तल में बहुत अधिक बालू खनन का/के संभावित परिणाम हो सकता है/सकते हैं?**

1. नदी की लवणता में कमी
2. भौमजल का प्रदूषण
3. भौमजल का स्तर नीचे चले जाना

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**प्र.82. कृषि मृदाओं के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. मृदा में कार्बनिक पदार्थ का उच्च अंश इसकी जल धारण क्षमता को प्रबल रूप से कम करता है.
2. गंधक चक्र में मृदा की कोई भूमिका नहीं होती है.
3. कुछ समयावधि तक सिंचाई कुछ कृषि भूमिया के लवणीभवन में योगदान कर सकती है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**प्र.83. हरित अर्थव्यवस्था पर कार्रवाई के लिए भागीदारी (पी.ए.जी.ई.), जो अपेक्षाकृत हरित एवं और अधिक समावेशी अर्थव्यवस्था की ओर देशों के संक्रमण में सहायता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र की एक क्रियाविधि है, आविर्भूत हुई**

(a) जोहांसबर्ग में 2002 के संधारणीय विकास के पृथ्वी शिखर-सम्मेलन में
(b) रियो डी जेनीरो में 2012 के संधारणीय विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में
(c) पेरिस में 2015 में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन में
(d) नई दिल्ली में 2016 के विश्व संधारणीय विकास शिखर-सम्मेलन में

**प्र.84. ''3D मुद्रण'' का निम्नलिखित में से किसमें प्रयोग होता है?**

1. मिष्टान्न की चीज़ें बनाने में
2. जैव-इलेक्ट्रॉनिकी कर्ण के निर्माण में
3. ऑटोमोटिव उद्योग में
4. पुनर्निर्माणकारी शल्यकर्म में
5. दत्त (डेटा) संसाधन प्रौद्योगिकियों में

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1, 3 और 4
(b) केवल 2, 3 और 5
(c) केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**प्र.85. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. बैरन द्वीप ज्वालामुखी एक सक्रिय ज्वालामुखी है जो भारतीय राज्य-क्षेत्र में स्थित है.
2. बैरन द्वीप, ग्रेट निकोबार के लगभग 140 किमी पूर्व में स्थित है.
3. पिछली बार बैरन द्वीप ज्वालामुखी में 1991 में उद्गार हुआ था और तब से यह निष्क्रिय बना हुआ है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1 और 3

**प्र. 86. प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा नामक पादप प्रायः क्यों समाचारों में उल्लिखित होता है?**

(a) इसके सार का व्यापक रूप से प्रसाधन-सामग्रियों में उपयोग होता है.
(b) जिस क्षेत्र में यह उगता है वहां की जैव-विविधता को कम करने लगता है.
(c) इसके सार का उपयोग कीटनाशकों के संश्लेषण में किया जाता है.
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**प्र. 87. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. विश्व की सर्वाधिक प्रवाल भित्तियां उष्णकटिबंधीय सागर जलों में मिलती हैं.
2. विश्व की एक-तिहाई से अधिक प्रवाल भित्तियां ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और फिलीपीन्स के राज्य-क्षेत्रों में स्थित हैं.
3. उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों की अपेक्षा, प्रवाल भित्तियां कहीं अधिक संख्या में जन्तु संघों का परपोषण करती हैं.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**प्र. 88.''मोमेंटम फॉर चेंज: क्लाइमेट न्यूट्रल नाउ'' यह पहल किसके द्वारा प्रवर्तित की गई है?**

(a) जलवायु परिवर्तन पर अन्तर-सरकारी पैनल
(b) UNEP सचिवालय
(c) UNFCCC सचिवालय
(d) विश्व मौसमविज्ञान संगठन

**प्र. 89. भारत में औपनिवेशिक शासन के दौरान शैक्षणिक संस्थाओं के सन्दर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| संस्थान | | संस्थापक |
|---|---|---|
| 1. बनारस का संस्कृत कॉलेज | - | विलियम जोन्स |
| 2. कलकत्ता मदरसा कॉलेज | - | वॉरेन हेस्टिंग्स |
| 3. फोर्ट विलियम कॉलेज | - | आर्थर वेलेज़ली |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 1 और 3
(d) केवल 3

**प्र. 90. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| क्षेत्र जो कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित होते हैं | देश |
|---|---|
| 1. कैटालोनिया | - स्पेन |
| 2. क्रीमिया | - हंगरी |
| 3. मिंडानाओ | - फिलीपीन्स |
| 4. ओरोमिया | - नाइजीरिया |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित हैं?**

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2 और 4

**प्र.91. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए:**

1. भारत के किसी राज्य में सर्वप्रथम लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई साम्यवादी दल की सरकार.
2. भारत का उस समय का सबसे बड़ा बैंक 'इम्पीरियल बैंक ऑफ़ इंडिया' जिसका नाम बदलकर 'भारतीय स्टेट बैंक' रखा गया.
3. एयर इंडिया का राष्ट्रीयकरण किया गया और यह राष्ट्रीयकरण वाहक बन गया.
4. गोवा स्वतंत्र भारत का अंग बन गया.

**निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम है?**

(a) 4-1-2-3
(b) 3-2-1-4
(c) 4-2-1-3
(d) 3-1-2-4

**प्र. 92. निजता के अधिकार को जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्भूत भाग के रूप में संरक्षित किया जाता है. भारत के संविधान में निम्नलिखित में से किससे उपर्युक्त कथन सही एवं समुचित ढंग से अर्थित होता है?**

(a) अनुच्छेद 14 एवं संविधान के 42वें संशोधन के अधीन उपबंध
(b) अनुच्छेद 17 एवं भाग IV में दिए राज्य की नीति के निदेशक तत्व
(c) अनुच्छेद 21 एवं भाग III में गारंटी की गई स्वतंत्रताएं
(d) अनुच्छेद 24 एवं संविधान के 44वें संशोधन के अधीन उपबंध

**प्र. 93. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सुपारी | 2. | जौ |
| 3. | कॉफी | 4. | रागी |
| 5. | मूंगफली | 6. | तिल |
| 7. | हल्दी | | |

**उपर्युक्त कथनों में से किनके न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने की है?**

(a) केवल 1, 2, 3 और 7
(b) केवल 2, 4, 5 और 6
(c) केवल 1, 3, 4, 5 और 6
(d) 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 7

**प्र. 94. निम्नलिखित राज्यों में से किस एक में पाखुई वन्यजीव अभयारण्य अवस्थित है?**

(a) अरुणाचल प्रदेश
(b) मणिपुर
(c) मेघालय
(d) नगालैंड

**प्र. 95.भारत के उपग्रह प्रमोचित करने वाले वाहनों के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. PSLV से वे उपग्रह प्रमोचित किए जाते हैं जो पृथ्वी के संसाधनों के मानीटरन में उपयोगी हैं, जबकि GSLV को मुख्यतः संचार उपग्रहों को प्रमोचित करने के लिए अभिकल्पित किया गया है.
2. PSLV द्वारा प्रमोचित उपग्रह आकाश में एक ही स्थिति में स्थायी रूप में स्थिर रहते प्रतीत होते हैं जैसा कि पृथ्वी के एक विशिष्ट स्थान से देखा जाता है.
3. GSLV Mk III, एक चार-स्टेज वाला प्रमोचन वाहन है, जिसमें प्रथम और तृतीय चरणों में ठोस रॉकेट मोटरों का तथा द्वितीय और चतुर्थ चरणों में द्रव रॉकेट इंजनों का प्रयोग होता है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1 और 2 (d) केवल 3

**प्र. 96. भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के संचालन के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. पिछले दशक में भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पूंजी के अंतर्वेशन में लगातार वृद्धि हुई है.
2. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सुव्यवस्थित करने के लिए, मूल भारतीय स्टेट बैंक के साथ उसके सहयोगी बैंकों का विलय किया गया है

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**प्र. 97. निम्नलिखित मदों पर विचार कीजिए:**

1. छिलका उतरे हुए अनाज
2. मुर्गी के अण्डे पकाए हुए
3. संसाधित और डिब्बाबंद मछली
4. विज्ञापन सामग्री युक्त समाचार-पत्र

**उपर्युक्त मदों में से कौन-सा/से जी.एस.टी. (वस्तु एवं सेवा कर) के अंतर्गत छूट प्राप्त है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**प्र. 98. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. ''संकटपूर्ण वन्यजीव पर्यावास'' (क्रिटिकल वाइल्डलाइफ हैबिटैट) की परिभाषा वन अधिकार अधिनियम, 2006 में समाविष्ट है.
2. भारत में पहली बार बैगा (जनजाति) को पर्यावास (हैबीटैट) अधिकार दिए गए हैं.
3. केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत के किसी भाग में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लिए पर्यावास अधिकार पर आधिकारिक रूप से निर्णय लेता है और उसकी घोषणा करता है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**प्र. 99. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

1. पक्षी
2. उड़ती धूल
3. वर्षा
4. बहती हवा

**उपर्युक्त में से कौन-से पादप रोग फैलाते हैं?**

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**प्र. 100. भारत में जैविक कृषि के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. 'जैविक उत्पादन के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम' (एन.पी.ओ.पी.) केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के मार्गदर्शन एवं निदेश के अधीन कार्य करता है.
2. एन.पी.ओ.पी. के क्रियान्वयन के लिए 'कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण' (APEDA) सचिवालय के रूप में कार्य करता है.
3. सिक्किम भारत का पहला पूरी तरह से जैविक राज्य बन गया है.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किए जाएंगे**

**संघ लोक सेवा आयोग**
**सिविल सेवा (प्र.) परीक्षा- 2018**
**सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र - II (अंक 5 में प्रकाशित)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 63 ...... D | 67 ...... A | 71 ...... C | 76 ...... A |
| 64 ...... D | 68 ...... B | 72 ...... A | 77 ...... D |
| 65 ...... C | 69 ...... D | 73 ...... D | 78 ...... D |
| 66 ...... A | 70 ...... B | 74 ...... C | 79 ...... B |
| | | 75 ...... D | 80 ...... A |

(पृष्ठ 1 का शेष)

# बिग डेटा एनालिटिक्स में उभरते अवसर

महामारी के कारण मंदी में है. हालांकि सामान्य समय में इस उद्योग में बड़े पैमाने पर बचत और दक्षता के लिए अपने मार्गों का अनुकूलन करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रिस्क्रिप्टिव एनालिटिक्स का उपयोग किया जाता है. यह अनुकूलन यात्री की मांग, व्यक्तिगत उड़ानों, प्रमुख ग्राहक खंड आदि के लिए, लिए गए समय के आधार पर किया जाता है. एक ऑटोमोबाइल विनिर्माण कंपनी जो विभिन्न मॉडल बनाती है, यह मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन की जाने वाली इकाइयों की संख्या को निश्चित रूप से निर्धारित करने के लिए इन्वेंट्री कम और अधिकतम लाभ के साथ प्रिस्क्रिप्टिव एनालिटिक्स का उपयोग कर सकती है.

**प्रीडिक्टिव एनालिटिक्स :** प्रीडिक्टिव एनालिटिक्स ताज़ा डेटा में पैटर्न की पहचान करके और फिर अनुमान लगाने के लिए आंकड़ों और अन्य उपकरणों का उपयोग करके काम करता है जो बढ़ती बिक्री और क्रॉस-सेलिंग के लिए प्रकट हो सकते हैं. यहां के विश्लेषक डेटा को एक निश्चित पैटर्न में फिट करने का प्रयास करते हैं. यदि डेटा कुछ निश्चितता के साथ उस पैटर्न का अनुसरण कर रहा है, तो भविष्य की घटनाओं (बिक्री, खपत, जनसंख्या वृद्धि, पास प्रतिशत आदि) का अनुमान लगाया जा सकता है. प्रीडिक्टिव एनालिटिक्स बता सकता है कि कोई ग्राहक एक निश्चित उत्पाद खरीदता है तो उसके साथ कौन से अन्य उत्पाद खरीदने की क्या संभावना है. उत्पादों के बीच ऐसे संबंधों को खोजना आत्मीयता विश्लेषण कहलाता है. इस तरह का विश्लेषण हमें यह भी बता सकता है कि जब एक से अधिक देशों में यात्रा की जाती है तो कौन से देशों में पर्यटकों के एक विशेष वर्ग द्वारा दौरा किया जा सकता है या किन महीनों में किसी विशेष पर्यटक स्थान पर अधिकतम पर्यटक होंगे या पर्यटकों के एक विशेष वर्ग का खर्च पैटर्न क्या होगा.

विश्लेषिकी के उपरोक्त तरीकों का उपयोग व्यापार के विभिन्न विषयों में किया जाता है और उनमें से एक या अधिक में विशेषज्ञ होना संभव है. हम बात कर रहे हैं मानव संसाधन (एचआर) एनालिटिक्स, मार्केटिंग एनालिटिक्स, फाइनेंशियल एनालिटिक्स, डिजिटल मीडिया एनालिटिक्स आदि की.

**शिक्षा :** पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न संस्थानों में बिग डेटा एनालिटिक्स के कई कोर्स शुरू किए गए हैं. कुछ पाठ्यक्रमों में आपको बिग डेटा एनालिटिक्स को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है, कुछ में इसे विशेषज्ञता के रूप में पेश किया जाता है जबकि कुछ पाठ्यक्रम विशेष रूप से उपरोक्त के लिए समर्पित होते हैं. आप एक कोर्स भी कर सकते हैं जो बिग डेटा एनालिटिक्स और कुछ संबंधित विषय जैसे मशीन लर्निंग के संयोजन के रूप में पेश किया जाता है. इसके अलावा बिग डेटा एनालिटिक्स को कभी-कभी बिजनेस एनालिटिक्स, डेटा एनालिस्टिक या सामान्य एनालिटिक्स के रूप में संदर्भित किया जा सकता है.

डेटा एनालिटिक्स एक तकनीकी और प्रबंधकीय विषय के रूप में पढ़ाया जाता है. तो डेटा/बिजनेस एनालिटिक्स वाले बी.एससी., बी.ई., बी.टेक, बी.बी.ए. जैसे कोर्स तलाश सकते हैं. उसी तरह एम.टेक (बिग डेटा एनालिटिक्स) और एम.बी.ए. (बिजनेस एनालिटिक्स) या इसी तरह के पाठ्यक्रम हैं.

**कोर्स कवरेज :**

**डेटा एनालिटिक्स कोर्स में निम्नलिखित विषय होते हैं-**

डेटा और बिग डेटा प्रस्तुति, डेटा के प्रकार और विशेषताएं, डेटा वेयरहाउस, डेटाबेस, डेटा खनन, विश्लेषिकी का वर्गीकरण, सांख्यिकीय तरीके, संरचित क्वेरी भाषा (एसक्यूएल), व्यापार खुफिया, सूचना निष्कर्षण, पैटर्न मान्यता, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण, डेटा वास्तुकला, हैडूप, मशीन लर्निंग, सहसंबंध विश्लेषण, रैखिक प्रतिगमन, निर्णय ट्री, समय श्रृंखला मॉडल, मांग प्रबंधन पूर्वानुमान आदि.

डेटा एनालिटिक्स हैडूप पर अत्यधिक निर्भर है जो डेटा को संग्रहीत करने और हार्डवेयर के क्लस्टर पर एप्लिकेशन चलाने के लिए एक सॉफ्टवेयर फ्रेमवर्क है. यह किसी भी प्रकार के डेटा के लिए बड़े पैमाने पर भंडारण, विशाल प्रसंस्करण शक्ति और बड़ी संख्या में समवर्ती कार्यों या नौकरियों को संभालने की क्षमता प्रदान करता है. यह एक ओपन सोर्स प्रोग्राम है. पाइथॉन बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाने वाला अन्य उपकरण है.

**अध्ययन कहां करें?**

भारतीय प्रबंधन संस्थान, कोलकाता; भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर और भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कोलकाता संयुक्त रूप से बिजनेस एनालिटिक्स में एक अद्वितीय 2 वर्ष का स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान करते हैं जिसमें प्रत्येक संस्थान बिजनेस एनालिटिक्स के एक अलग क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करेगा और छात्र एक-एक करके सभी तीन संस्थानों में पाठ्यक्रम में भाग लेंगे. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु एम.टेक. कम्प्यूटेशनल और डाटा साइंस आयोजित करता है-

इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट स्टैटिस्टिक मैथड्स एंड एनालिटिक्स (चेन्नै/ तेजपुर सेंटर) में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा और स्टैटिस्टिकल मेथड्स एंड एप्लिकेशन (तेजपुर सेंटर) में एक वर्ष का डिप्लोमा प्रदान करता है.

आईआईटी, भिलाई- डाटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बी.टेक./एम.टेक

आईआईटी, दिल्ली- एकीकृत एम.टेक. गणित और कम्प्यूटिंग

आईआईटी धनबाद- एमएससी-गणित और कम्प्यूटिंग

आईआईटी, गुवाहाटी / जम्मू / पलक्कड़, केरल-एमटेक इन डाटा साइंस

आईआईटी, जोधपुर- बी.टेक. (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस), एम.एससी. - एम.टेक. डेटा और कम्प्यूटेशनल विज्ञान में दोहरी डिग्री

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद / मोहाली- एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम इन बिजनेस एनालिटिक्स

आईआईएम, अहमदाबाद-ईपोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एडवांस्ड बिजनेस एनालिटिक्स

आईआईएम, इंदौर- बिजनेस एनालिटिक्स में एकीकृत कार्यक्रम

आईआईएम, त्रिची-पीजी सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन बिजनेस एनालिटिक्स एंड एप्लीकेशन

आईआईएम, काशीपुर / रांची-एमबीए (व्यवसाय विज्ञान)

राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान, अमेठी, उत्तर प्रदेश- एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स)

सेंटर फॉर डेवलपमेंट इन एडवांस्ड कंप्यूटिंग- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बिग डेटा एनालिटिक्स

जेवियर लेबर रिलेशंस इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर- बिजनेस एनालिटिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेशन

आईआईएम, बेंगलुरु-बिजनेस एनालिटिक्स और इंटेलिजेंस में प्रोग्राम

कामकाजी पेशेवरों के लिए इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फर्मेशन टेक्नोलॉजी, बेंगलुरु में डेटा साइंस में एक कार्यकारी स्नातकोत्तर कार्यक्रम है.

(उक्त सूची सांकेतिक है)

डेटा ऐनालिटिक्स में अंडरग्रेजुएट कोर्स के लिए आपको साइंस और मैथ्स विषयों के साथ अपना 10 + 2 पाठ्यक्रम पूरा करना होगा. स्नातकोत्तर तकनीकी डिग्री के लिए, आपको इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी स्नातक होना चाहिए. एम.बी.ए. में प्रवेश विभिन्न विषयों के स्नातकों के लिए खुला हो सकता है. आईआईटी के पास उनके द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के लिए समान आवश्यकताएं हो सकती हैं, अन्य संस्थानों में प्रवेश के लिए पात्रता मानदंड अलग-अलग होते हैं जिनकी उम्मीदवारों को जांच करनी चाहिए.

कंप्यूटर अनुप्रयोग के बैचलर / मास्टर (बीसीए / एमसीए) जैसी योग्यता के साथ आप एक अतिरिक्त प्रशिक्षण के साथ, डेटा एनालिटिक्स की दुनिया में प्रवेश करने की योजना बना सकते हैं.

इंटरनेट पर डेटा एनालिटिक्स के लिए मुफ्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं. हालांकि ये आपको एक स्थापित नौकरी तक नहीं दे सकते हैं, कम से कम यह आपको कुछ विचार और यह जांचने का अवसर दे सकता है कि क्या विषय में वास्तव में आपकी रुचि है.

कई निजी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों ने हालांकि डेटा एनालिटिक्स पाठ्यक्रम की शुरुआत की है, उनमें से कुछ में आवश्यक बुनियादी ढांचा / अच्छी तरह से सुसज्जित शिक्षण पेशेवर नहीं हो सकते हैं. इसलिए आपको संस्थान को चुनने और पाठ्यक्रम की प्रामाणिकता को देखते हुए सावधान रहने की आवश्यकता है.

**बिग डेटा एनालिटिक्स का उपयोग**

बिग डेटा एनालिटिक्स हर उस व्यवसाय और संगठन के लिए उपयोग में लाया जाता है जो विभिन्न उद्देश्यों के लिए डेटा से पैटर्न प्राप्त करना चाहता है. मान लीजिए कि एक बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी उच्च दर के प्रति संघर्ष का सामना कर रही है. कर्मचारियों, जो संगठन छोड़ चुके हैं, के डेटा का विश्लेषण करके (बाहर निकलने के साक्षात्कार के दौरान प्राप्त इनपुट सहित), संगठन अन्य बातों के साथ-साथ छोड़ने से पहले बिताया औसत समय, छोड़ने वाले व्यक्तियों का आयु समूह, छोड़ने के लिए सबसे आम कारण, लिंग (पुरुष / महिला), जनसांख्यिकी (ग्रामीण / शहरी आदि) आधारित प्रतिमान की जानकारी प्राप्त करें और फिर संघर्षण दर को कम करने के लिए कदम उठा सकते हैं. उदाहरण के लिए, यदि पुरुष कर्मचारियों के लिए संघर्षण की दर अधिक है, तो संगठन अधिक महिलाओं को नियुक्त करने का निर्णय ले सकता है. एक और उदाहरण- पूरे देश में फैली शाखाओं वाले बैंक का हो सकता है. एनालिटिक्स का उपयोग करके, बैंक यह पता लगा सकता है कि ग्राहकों का कौन सा वर्ग इसके लिए सबसे अधिक मुनाफा कमा रहा है (अपनी वफादारी हासिल करने के लिए रणनीति बनाने के लिए), किस उत्पाद / सेवा में कम खरीदार हैं (या तो सुधार लाने के लिए या इन्हें पूरी तरह से बंद करने के लिए) आदि. ये विश्लेषिकी के बुनियादी और सरल अनुप्रयोग हैं. व्यापार रणनीतियों को बदलने या ओवरहालिंग के लिए बिग डेटा एनालिटिक्स से बहुत गहरी अंतर्दृष्टि पाई जा सकती है.

**बिग डेटा एनालिटिक्स पेशेवरों की नियुक्ति करता है?**

हालांकि बिग डेटा एनालिटिक्स नया है, लेकिन इसमें व्यापक स्वीकार्यता पाई गई है और इस क्षेत्र के पेशेवर ज्यादा मांग में हैं. डेटा एनालिटिक्स के व्यवसायी के रूप में, आप आईटी कंपनियों, दूरसंचार कंपनियों, आतिथ्य समूहों (होटल / ट्रैवल एजेंसियों), एयरलाइंस, शिपिंग कंपनियों, बैंकिंग, वित्त और बीमा (बीएफएसआई), स्टॉक एक्सचेंज, ब्रोकिंग हाउस, म्यूचुअल फंड, अस्पताल चेन, ऑटोमोबाइल कंपनियां, ई-कॉमर्स ऑपरेटर, लॉजिस्टिक्स कंपनियां, औद्योगिक घराने, विश्वविद्यालय, तेजी से बढ़ रहे उपभोक्ता सामान कंपनियां, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री (फिल्म / टीवी सीरियल / म्यूजिक प्रोडक्शन कंपनियां) आदि में अवसर पा सकते हैं.

जैसे-जैसे अधिक से अधिक शैक्षिक संस्थान बिग डेटा एनालिटिक्स पाठ्यक्रम शुरू कर रहे हैं, शिक्षण भूमिकाओं में पर्याप्त अवसर बढ़ रहे हैं. हालांकि इस भूमिका में प्रभावी होने के लिए आपको कुछ व्यावहारिक प्रदर्शन करने की आवश्यकता है क्योंकि सिर्फ अकादमिक ज्ञान पर्याप्त नहीं होगा.

**कौशल की आवश्यकता :** बिग डेटा एनालिटिक्स उन विशेष क्षेत्रों में से एक है, जिसके लिए किसी व्यक्ति को विशिष्ट कौशल और लक्षण होने की आवश्यकता होती है जिसमें बड़ी तस्वीर देखने की क्षमता और जटिल डेटा, विश्लेषणात्मक कौशल, तर्कसंगत सोच और महत्वपूर्ण सोच के साथ व्यवहार करना शामिल है.

कहा जाता है कि एनालिटिक्स डेटा को ज्ञान और बुद्धिमत्ता में बदल सकते हैं. यदि आप बुद्धिमत्ता की इस यात्रा में रुचि रखते हैं तो बिग डेटा एनालिटिक्स आप के लिए उपयुक्त है.

**(लेखक कॅरिअर काउंसलर हैं. ई-मेल- artmumb98@gmail.com)**

**व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं.**

**(चित्र: गूगल के सौजन्य से)**

**Subscription Form**

**Employment News / Rozgar Samachar**

(Tick ( ✓) appropriate column)
I want to subscribe Employment News- English ( ) / Rozgar Samachar - Hindi ( )/ Urdu ( )

| Plans | Print version | E-version |
|---|---|---|
| For 6 months ( ) | (Rs.265/-) | (Rs. 200/-) |
| For 1 year ( ) | (Rs.530/-) | (Rs. 400/-) |
| For 2 year ( ) | (Rs.1000/-) | (Rs. 750/-) |
| For 3 year ( ) | (Rs.1400/-) | (Rs. 1050/-) |

Demand Draft (attached original) ( )/Online payment ( ) attach receipt.
(Demand Draft) should be favouring "Employment News"

Signature ____________

**Please fill all details in CAPITAL Letters**

Name: ____________
Postal Address: ____________
Distt.____________ State:____________
Pin Code: ____________
Landline Ph.:____________ Mobile:____________
Email Id: ____________

**For online subscription please visit/register yourself and make payment online through our website**
www.employmentnews.gov.in/www.rozgarsamachar.gov.in
Or on the given below links
http://www.eneversion.nic.in
Send the complete filled form to:
Employment News,
7th Floor, Circulation Section
Soochna Bhawan,
CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003

## रोज़गार समाचार

**अंबरीश बी. किशोर**
महा प्रबंधक (प्रभारी)/वरिष्ठ संपादक

**जयसिंह**, संपादक

**गौरव शर्मा**, संपादक (प्रसार)

**इकरा फैयाज खान**
संपादक (विज्ञापन)

**के. रामालिंगम**, उत्पादन अधिकारी

**गणेशी लाल**
तकनीकी सहायक (उत्पादन)

**पी. के. मंडल**, वरिष्ठ कलाकार

पता : रोजगार समाचार
सातवां तल , सूचना भवन
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड
नई दिल्ली-110003

प्रसार :
sec-circulation-moib@gov.in

विज्ञापन :
sec-advertise-moib@gov.in

| | |
|---|---|
| संपादकीय | : 24369443 |
| विज्ञापन | : 24369429/30 |
| टेलीफैक्स | : 24369430 |
| प्रसार | : 24365610 |
| लेखा (विज्ञा.) | : 24369419 |

दिल्ली पोस्टल पंजीकरण संख्या डीएल-एसडब्ल्यू-05/4100/18-20 यू (सी) 107/18-20 पूर्व शुल्क के बिना डाक में डालने की अनुमति आर.एन.आई. 28729/1976 दिल्ली आर.एम.एस., दिल्ली-110006 8/10.5.2021 (₹ 12) प्रकाशन तिथि : 3.5.2021

श्रीनगर, लेह, कालिमपोंग, इम्फाल, दीमापुर, अगरतला, दुलियाजॉन, करीमगंज, छाबुआ, दीफू, डिब्रूगढ़, तेजपुर, हेल्लाकांडी, मरियानी, जोरहाट, शिलांग, डिगबोई, सिल्चर तथा पोर्टब्लेयर के लिए विमान सेवा 20 पैसे अतिरिक्त



# समाचार सारांश

## राष्ट्रीय

### कोविड में काम आने वाले 17 चिकित्सा उपकरणों के आयात को मंजूरी




केन्द्र सरकार ने देश में कोविड-19 की वैश्विक महामारी से पैदा स्थिति के कारण बढ़ती मांग के मद्देनजर महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों के आयात की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया है. उसने आयातकों को कोविड रोगियों के इलाज में काम आने वाले 17 चिकित्सा उपकरणों के आयात की मंजूरी दी है. नये प्रावधानों के तहत आयातकों को अनिवार्य घोषणाएं कस्टम की मंजूरी तेजी से मिलने के बाद दाखिल करनी होंगी. उपभोक्ता मामले विभाग का इस संबंध में आदेश तीन महीनों तक लागू रहेगा. जिन उपकरणों के आयात की इजाजत दी गयी है उनमें नेबुलाइजर, ऑक्सीजन संघनक, सीपीएपी और बीआईपीएपी उपकरण, वैक्यूम प्रेशर स्विंग एबजॉर्पशन, प्रेशर स्विंग एबजॉर्पशन, ऑक्सीजन संयंत्र तथा क्रायोजेनिक ऑक्सीजन वायु पृथक्कीकरण इकाई शामिल हैं.

### केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 के रोगियों के लिये संशोधित एकांतवास दिशा-निर्देश जारी किए

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 के कम गंभीर और बिना लक्षण वाले रोगियों के लिये घर में एकांतवास के संशोधित दिशा-निर्देश जारी किये हैं. इन दिशा-निर्देशों के अनुसार घर में एकांतवास के लिये जरूरी है कि इलाज करने वाले चिकित्सा अधिकारी ने रोगी को जांच के बाद कम गंभीर या बिना लक्षण वाला पाया हो. ऐसे रोगियों के पास घर में खुद के एकांतवास और अपने परिजनों को अलग-थलग रखने की सुविधा होनी चाहिये.

### कोविड के कारण उत्तराखंड में चार धाम यात्रा रद्द

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री तीरथ सिंह रावत ने कोविड के मामलों में वृद्धि के कारण चार धाम यात्रा रद्द करने की घोषणा की है. श्री रावत ने देहरादून में संवाददाताओं को बताया कि इन चारों मंदिरों - गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के कपाट निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही मई में खुलेंगे. मंदिरों के तीर्थ पुरोहित और पुजारी अनुष्ठानों का आयोजन पहले की तरह ही करेंगे. लेकिन दर्शनार्थियों को इन मंदिरों में पूजा-अर्चना करने की अनुमति नहीं दी जायेगी.

### 40 देश दे रहे हैं भारत को चिकित्सा उपकरण और दवाएं

विश्व भर के 40 देश कोविड-19 की वैश्विक महामारी के दौरान भारत को चिकित्सा उपकरणों और दवाओं की जरूरतों को पूरा करने में मदद देने के लिये सामने आये हैं. विदेश सचिव श्री हर्ष वर्द्धन शृंगला ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि विभिन्न देशों से चिकित्सा उपकरणों और दवाओं की खेपें भारत पहुंचने लगी हैं. श्री शृंगला ने बताया कि अमरीका ने कोविड के खिलाफ संघर्ष में भारत की सहायता करने का वचन दिया है.

### रेल मंत्रालय ने कोविड रोगियों के लिये 4000 एकांतवास रेल कोच तैनात किए

रेल मंत्रालय ने कोविड के खिलाफ एकजुट संघर्ष में देश की क्षमता को मजबूत करने के लिये लगभग 4000 एकांतवास कोचों को तैनात किया है जिनमें कुल तकरीबन 64000 बिस्तर हैं. उसने राज्यों के साथ मिल कर काम करने के लिये एक विकेन्द्रित कार्ययोजना तैयार की है. इसके तहत जोनों और खंडों को एकजुट कार्रवाई के लिये अपने करार तैयार करने का अधिकार दिया गया है. इन कोचों को मांग के अनुसार आसानी से कहीं भी लाया और तैनात किया जा सकता है.

### राज्यों के लिये कोवैक्सिन टीके की कीमतों में 200 रुपये की कटौती

भारत बायोटेक ने कोविड के अपने टीके कोवैक्सिन की राज्य सरकारों के लिये कीमतों में कटौती की है. राज्य सरकारों के लिये इस टीके की एक खुराक की कीमत 600 रुपये के बजाय अब 400 रुपये होगी. कंपनी ने कहा कि यह फैसला सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के सामने मौजूद विशाल चुनौतियों को देखते हुए किया गया है.

## अंतरराष्ट्रीय

### कोरोना वायरस के 617 स्वरूप के खिलाफ कारगर है कोवैक्सिन

भारत के स्वदेशी टीके कोवैक्सिन को कोरोना वायरस के डबल म्यूटेंट या 617 स्वरूप के खिलाफ कारगार पाया गया है. यह घोषणा व्हाइट हाउस के मुख्य चिकित्सा सलाहकार और अमरीका के चोटी के महामारी विशेषज्ञ डॉ. एंथनी फॉसी ने की है. इससे कुछ दिन पहले ही भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने भी कोवैक्सिन को डबल म्यूटेंट के खिलाफ कारगर बताया था. डॉ. फॉसी ने कहा कि टीकाकरण भारत की मौजूदा परेशानियों को दूर करने में बहुत महत्वपूर्ण है. कोवैक्सिन को भारत बायोटेक ने राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान और आईसीएमआर के सहयोग से विकसित किया है. इस टीके को आपातकालीन इस्तेमाल के लिये 03 जनवरी को मंजूरी दी गयी थी और बाद में परीक्षण के नतीजों से पता चला कि इसकी प्रभावोत्पादकता 78 प्रतिशत है.

### भारत-फ्रांस द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'वरुण 2021' संपन्न

भारत और फ्रांस के द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के 19वें संस्करण 'वरुण 2021' का 27 अप्रैल को समापन हो गया. अरब सागर में 25 अप्रैल को शुरू हुए इस अभ्यास के दौरान उच्चस्तरीय नौसैनिक अभियान संचालित किये गये. इनमें आधुनिक हवाई रक्षा और पनडुब्बीरोधी अभ्यास तथा सघन फिक्स्ड और रोटरी विंग उड़ान अभियान शामिल हैं.

### अमरीकी राष्ट्रपति बाइडन ने किया 18 खरब डॉलर की नयी योजना का प्रस्ताव

अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र में अपने अभिभाषण में 18 खरब डॉलर की नयी व्यापक योजना की घोषणा की है. श्री बाइडन ने विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों से अपील की कि वे मतभेद के मुद्दों को सुलझाने और चीन की गंभीर प्रतिद्वंद्विता का सामना करने में सहयोग करें. उन्होंने अपनी 18 खरब डॉलर की 'अमरीकी परिवार योजना' के लिये धन की व्यवस्था के मकसद से निगमों और संपन्न अमरीकियों पर टैक्स बढ़ाने की भावुक अपील की. अमरीकी राष्ट्रपति ने कहा कि देश के निगमों और सबसे ज्यादा संपन्न 01 प्रतिशत नागरिकों के लिये यह अपने उचित हिस्से का भुगतान करने का वक्त है.

### प्रधानमंत्री ने रूसी राष्ट्रपति से की कोविड और द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के साथ 28 अप्रैल को टेलीफोन के जरिये बातचीत की. दोनों नेताओं ने कोविड-19 से पैदा स्थिति पर चर्चा की. श्री पुतिन ने भारत की जनता और सरकार के प्रति एकजुटता जाहिर करते हुए कहा कि रूस उनकी हर संभव सहायता करेगा. दोनों नेताओं ने वैश्विक महामारी से निपटने में भारत और रूस के बीच सहयोग का जिक्र किया. श्री पुतिन ने कोविड के रूसी टीके स्पुतनिक-वी को आपातकालीन इस्तेमाल के लिये मंजूरी देने पर भारत की सराहना की.

### 5 करोड़ बच्चों की रक्षा के लिये वैश्विक टीकाकरण रणनीति

05 करोड़ से ज्यादा बच्चों तक पहुंचने के लिये संयुक्तराष्ट्र के नेतृत्व में एक वैश्विक टीकाकरण रणनीति का ऐलान किया गया है. कोविड-19 से आयी बाधा की वजह से ये बच्चे खसरा और अन्य रोगों से बचाव के जीवन रक्षक टीकों से वंचित रह गये हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), संयुक्तराष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) और विश्व टीका और टीकाकरण गठबंधन (गावी) ने कहा कि उनकी नयी वैश्विक रणनीति से एक दशक से कम समय में 05 करोड़ जिंदगियां बच सकती हैं. डब्ल्यूएचओ के प्रमुख तेद्रोस अदानोम गेब्रेयेसस ने कहा कि खसरा, पीला ज्वर और डिप्थीरिया जैसे घातक रोगों के प्रकोप को टालने के लिये हर देश में नियमित टीकाकरण सेवाओं को सुनिश्चित किया जाना चाहिये.

### जॉनसन एंड जॉनसन के कोविड टीके पर अमरीका में रोक हटी

अमरीका के खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) तथा रोग नियंत्रण और बचाव केन्द्र (सीडीसी) ने जॉनसन एंड जॉनसन के कोविड-19 टीके पर रोक हटा दी है. यह कोविड-19 से बचाव का दुनिया का एकमात्र ऐसा टीका है जिसकी सिर्फ एक खुराक की जरूरत होती है. यह टीका लगाये जाने के पश्चात खून के थक्के बनने के छह से अधिक गंभीर मामले सामने आने के बाद इसके इस्तेमाल पर रोक लगा दी गयी थी. इनमें से ज्यादातर मामले 18 से 49 साल उम्र की महिलाओं में देखे गये थे.

## व्यवसाय

### सोने की मांग में सुधार

देश में सोने की मांग इस साल जनवरी और मार्च के बीच उबर कर 140 टन पर पहुंच गयी. यह 2020 के शुरुआती 03 महीनों की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक है. विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार इस वृद्धि की वजह कोविड से जुड़े प्रतिबंधों में ढिलाई, अपूरित मांग का आना और कीमतों में नरमी है. इस दौरान मूल्य के हिसाब से सोने की मांग में 57 प्रतिशत का उछाल आया और यह 58800 करोड़ रुपये तक पहुंच गयी.

## खेल

### टोक्यो ओलंपिक में रोजाना होगी एथलीटों की कोविड जांच

2020 के टोक्यो ओलंपिक खेलों के आयोजकों ने कोरोना वायरस के खिलाफ सख्त उपायों की घोषणा की है. इन उपायों में एथलीटों की रोजाना जांच करने की योजना शामिल है. पिछले साल स्थगित किये गये इन खेलों के शुरू होने में सिर्फ तीन महीनों का समय बचा है. जापान में टीकाकरण अभियान की सुस्ती की वजह से ओलंपिक खेलों को लेकर चिंता पैदा हो गयी है.

### भारतीय महिला मुक्केबाजों ने 7 स्वर्ण जीत कर इतिहास रचा

भारतीय महिलाओं ने पोलैंड के किएल्सी में विश्व युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए 07 स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रच दिया. फाइनल में पहुंची सभी भारतीय महिलाओं गीतिका, नौरेम बेबीरोजीसाना चानु, पूनम, विंका, अरुंधती चौधरी, टी सनामाचा चानू और अलफिया पठान ने सुनहरी कामयाबी हासिल की.

(चित्र सौजन्य : गूगल)

प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के लिए, मोनीदीपा मुखर्जी महानिदेशक द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित और अमर उजाला लि., सी-21 और 22, सेक्टर-59, नोएडा-201301 में मुद्रित,
रोजगार समाचार (सूचना और प्रसारण मंत्रालय) सातवां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 द्वारा प्रकाशित, संपादक: जयसिंह